●वर्ष : 16 ●अंक : 211 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 24 नवम्बर 2024

प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की जीत के लिए मतदाताओं का जताया आभार, कहा-

# एकजुट होकर हम और ऊंची उड़ान भरेंगे!



## झारखंड में झामुमो को शुभकामनाएं दी

महाराष्ट्र के अलावा झारखंड में भी विधानसभा चुनाव हुआ। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन आगे है, जबकि भाजपा गठबंधन महज 18 सीटों पर ही आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में झामुमो गठबंधन के प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "मैं झारखंड के लोगों का हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं झामुमो को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

## उपचुनाव में एनडीए कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को सराहा

पीएम मोदी ने उपचुनावों के नतीजों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर कहा, "एनडीए के जनहितैषी प्रयास हर जगह गूंजते हैं। मैं विभिन्न उपचुनावों के लिए एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों का धन्यवाद। हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, जमीनी स्तर पर किए गए प्रयास के लिए मुझे एनडीए कार्यकर्ताओं पर गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत की और लोगों के पास जाकर सरकार के एजेंडे के बारे में उन्हें विस्तार से बताया।"

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिला हुआ है। राज्य में भाजपा 141 सीटों पर आगे है। इसी के साथ इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र में बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। इसी के साथ उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को आश्वासन दिया कि गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ रहा है।

महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "एक साथ होकर हम और भी ज्यादा ऊंची उड़ान भरेंगे। महाराष्ट्र के भाइयों और बहनों, विशेषकर राज्य के युवा और महिलाओं का एनडीए की ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा।"

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "जय महाराष्ट्र। इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि-कोटि वंदन। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब आंबेडकर जी, ज्योतिबा फुले जी और वीर सावरकर जी की पुण्यभूमि महाराष्ट्र ने विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले महायुति गठबंधन को इतना प्रचंड जनादेश देकर भ्रम और झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। यह जीत हर एक महाराष्ट्रवासी की जीत है।"



झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश वासियों का आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही, झारखंड भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा के लिए जनजातीय समाज की आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी अस्मिता की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनडीए की केंद्र सरकार झारखंड वासियों की उन्नति, प्रगति और जनजातीय विरासतों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मोदी जी के नेतृत्व में हम निरंतर इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। भाजपा झारखंड में एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।"

अमित शाह ने उपचुनाव के उम्मीदवारों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा, "देशभर में हुए उपचुनावों में विजयी होने वाले एनडीए के सभी प्रत्याशियों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास और विश्वास के सुंदर कालखंड का साक्षी बन रहा है। लोकसभा चुनाव, हरियाणा या महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के साथ ही उपचुनावों में एनडीए की यह जीत स्पष्ट करती है कि देश वासियों का मोदी जी पर अटूट भरोसा है। एनडीए के ये विजयी प्रत्याशी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देते रहेंगे।"

ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



## विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को ह्यडोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर और गुयाना ने ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा। भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है। अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## झारखंड के मुख्यमंत्री के भाई बसंत सोरेन दुमका से जीते

नूना न्यूज एजेंसी।



**झारखंड।** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन ने शनिवार को दुमका विधानसभा सीट पर 14,588 मतों से जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दुमका सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुनील सोरेन 81,097 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बसंत सोरेन को 95,685 वोट मिले। बसंत सोरेन ने 2020 में दुमका सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के लुइस मरांडी को 6,842 मतों से हराया था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने दो सीटों बरहैट और दुमका से चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत हासिल की। बाद में हेमंत ने दुमका सीट खाली कर दी, जहां से उनके भाई बसंत सोरेन उपचुनाव में निर्वाचित हुए। निर्वाचन आयोग के अनुसार, राज्य के मंत्री और कांग्रेस नेता रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा सीट से आजसू पार्टी की नीरू शांति भगत को 34,670 मतों से हराया।

## राजस्थान उपचुनाव की 7 में से 5 सीटें भाजपा जीती, कांग्रेस ने गंवाई 3 सीटें

नूना न्यूज एजेंसी।

**राजस्थान।** भाजपा ने राजस्थान में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और उपचुनाव में सात विधानसभा क्षेत्रों में से पांच पर जीत हासिल कर ली। कांग्रेस के पास इनमें से चार सीटें थीं। लेकिन वो सिर्फ दौसा जीतने में कामयाब रही, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) 2008 में अपनी स्थापना के बाद पहली बार खींवसर की अपनी एकमात्र सीट हार गई, जिसे उसका घरेलू क्षेत्र भी माना जाता है। (बीएपी) ने चोरासी को बरकरार रखा। हालांकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस चार निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर रही। ऐसा लगता है कि भाजपा, जिसकी सीटें लोकसभा चुनावों में 24 से घटकर 14 रह गईं, को विद्रोहों को रोकने, कांग्रेस की तुलना में अधिक उत्साही अभियान से लड़ने और सत्तारूढ़ पार्टी होने से लाभ हुआ है। कांग्रेस, जो एक समय अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयार दिख रही थी, हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद गति खो बैठी और फिर उबर नहीं सकी। नतीजों से जहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की छवि मजबूत होगी, वहीं आरएलपी के दिग्गज नेता हनुमान बेनीवाल, कांग्रेस के ओला परिवार और भाजपा के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। चुनाव में भाजपा के पास सिर्फ एक सीट सलूंबर थी, जिसे पार्टी ने बरकरार रखा। जबकि बीएपी के जितेश कटारा ने यहां अधिकांश राउंड में बढ़त बनाए रखी, भाजपा की शांता मीना, अमृत लाल की पत्नी, जिनकी मृत्यु के कारण उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। आखिरी चरण में जितेश को पछाड़ दिया और करीब 1,300 वोटों से सीट जीत ली। भाजपा ने सलूंबर के अलावा झुंझुनू, रामगढ़, देवली-उनियारा और खींवसर सीटें जीतीं। कांग्रेस और आरएलपी के लिए एक बड़े झटके में, भाजपा ने झुंझुनू, जो ओला परिवार का गढ़ था और खींवसर जिसे आरएलपी का गढ़ माना जाता था, जीत लिया। झुंझुनू में भाजपा ने आखिरी बार 21 साल पहले जीत हासिल की थी। उसके बाद, यह सीट 2008, 2013, 2018 और 2023 में कांग्रेस के बृजेंद्र ओला ने जीती, उनके लोकसभा चुनाव से पहले उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। उपचुनाव में, कांग्रेस ने ओला के बेटे अमित को मैदान में उतारा, जो भाजपा के राजेंद्र भांबू से निर्णायक 43,000 वोटों से हार गए। आरएलपी 2008 में अपनी स्थापना के बाद पहली बार खींवसर हार गई। पिछले चुनावों में पार्टी प्रमुख हनुमान बेनीवाल और उनके भाई नारायण बेनीवाल को मैदान में उतारने के बाद, पार्टी ने हनुमान की पत्नी कनिका को मैदान में उतारा, जो भाजपा के रेवंत राम से करीब 14,000 वोटों से हार गईं।

## महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब बुरी तरह हारा

## पीएम मोदी बोले- विकसित भारत का मजबूत हुआ संकल्प, झारखंड में करेंगे तेज विकास

नूना न्यूज एजेंसी।



**महाराष्ट्र।** में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में NDA का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया।

## दिल्ली के गोविंदपुरी में पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** पुलिस के एक कांस्टेबल की शनिवार को अज्ञात लोगों ने चाकू घोंपकर उस समय हत्या कर दी जब वह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में रात्रि गश्त पर था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 28 वर्षीय कांस्टेबल किरण पाल गोविंदपुरी थाने में तैनात थे। उन्होंने कहा कि शनिवार तड़के एक गली से उनका शव बरामद किया गया जिस पर चाकू से वार के निशान थे। उन्होंने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश: ललितपुर में 28 किलोग्राम गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी।



**ललितपुर।** जिले के महरौनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अनुमानित तीन लाख रुपये की कीमत का 28 किलोग्राम गांजा बमराद किया और दो तस्करों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को कस्बे के सुंदरम ढाबे के नजदीक वाहनों के जांच अभियान के दौरान एक कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें 28 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनकी पहचान जालौन के निवासी अंकित द्विवेदी (26) और चित्रकूट के निवासी शुभम यादव (24) के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों का अपराधिक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए गांजे की अनुमानित कीमत तीन लाख रुपये है। तस्करी में इस्तेमाल कार को जब्त कर लिया है और तस्करों को जेल भेज दिया है।

## चुनाव को भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे दुनिया के सामने उजागर: अखिलेश यादव

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, विधानसभा की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में पांच सीट के परिणामों में समाजवादी पार्टी (सपा)को सीसामऊ व करहल सीट जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाजियाबाद, खैर और फूलपुर में जीत दर्ज की। हालांकि, अन्य चार सीट में से तीन पर भाजपा और एक सीट पर सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उम्मीदवार आगे हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने वालों के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। दुनिया से लेकर देश और उत्तर प्रदेश ने इस उपचुनाव में चुनावी राजनीति का सबसे विकृत रूप देखा। असत्य का समय हो सकता है लेकिन युग नहीं।

## अगले हफ्ते खुलेंगे दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में स्कूल?

### प्रदूषण के बीच क्या बड़ा अपडेट आया

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** एनसीआर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद) में सभी स्कूलों में भौतिक कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं। विवार शाम 4 बजे तक दिल्ली में अदक 441 और शाम 7 बजे तक बढ़कर 457 हो जाने के बाद बड़ा फैसला लिया गया। प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए, दिल्ली-एनसीआर में अधिकारियों ने जीआरएपी के चरण क्ख के तहत प्रतिबंध लगाए और आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों को छोड़कर, दिल्ली में ट्रक यातायात के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि,



ऑफलाइन कक्षाएं 25 नवंबर को फिर से शुरू होने की संभावना है, जबकि परीक्षाओं और साक्षात्कारों का कार्यक्रम अपरिवर्तित रहेगा। यह घटनाक्रम तब हुआ है जब अधिकारियों ने 23 नवंबर तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के फिर से 'गंभीर' श्रेणी में आने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले निवासी शनिवार को धुंध की मोटी परत और कोहरे के मौसम में जागे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 8 बजे दिल्ली में अदक420 था। सीपीसीबी के सुबह 8 बजे मापे गए आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 457 दर्ज किया गया, जबकि अशोक विहार में यह 455, चांदनी चौक में 439 और आरके पुरम में एक्यूआई 421 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। शाबी (कानपुर से नई दिल्ली) 39 मिनट की देरी से, आनंद विहार टर्मिनल से दानापुर तक जनार्दन एक्सप्रेस 661 मिनट की देरी से, हजरत निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस 110 मिनट की देरी से, पुरानी दिल्ली से जैसलमेर तक रुणिचा एक्सप्रेस 24 मिनट की देरी से खड़ी रही। 22 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में अदक371 दर्ज किया गया और उढउइ के अनुसार 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा।

## महाराष्ट्र में फिर एक बार महायुति सरकार, सीएम की रेस बरकरार

### झारखंड में हेमंत सोरेन का चमत्कार

**महाराष्ट्र।** और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आज सामने आ गए हैं। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है। वहीं, झारखंड में हेमंत सोरेन अपनी सरकार बचाने में कामयाब रहे हैं। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने 133 सीटों पर शानदार जीत हासिल की है। भाजपा का यह प्रदर्शन शानदार रहा है। भाजपा राज्य में 149 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना 57 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही है। जबकि अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट हासिल की हैं। ऐसे 288 विधानसभा सीटों वाली महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने 234 सीटें अपने नाम की है। वहीं झारखंड की बात करें तो यहां हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। तमाम मेहनत के बावजूद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को सिर्फ 24 सीटों से संतोष करना पड़ा है। महाराष्ट्र में महायुति की जीत के बाद मुख्यमंत्री के कई दावेदार हो गए हैं वहीं मुख्यमंत्री के रश्मि कई नाम की भी चचाएं शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत की सराहना करते हुए इसे विकास और सुशासन की विजय बताया तथा लोगों को आश्वासन दिया कि सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करना जारी रखेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन को राज्य विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी।

## कांकावली में बीजेपी के नीतेश राणे ने लगाई हैट्रिक

### 58007 वोटों से दर्ज की जीत

नूना न्यूज एजेंसी।

**कांकावली।** बीजेपी के नितेश नारायण राणे ने संदेश पारकर को 58,007 वोटों से हराया है। पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में बीजेपी के नितेश नारायण राणे ने शिवसेना के सतीश जगननाथ सावंत को हराकर कांकावली सीट जीती थी। महाराष्ट्र शनिवार को भगवा रंग में रंगा हुआ था और मतदाताओं ने भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को लड़खड़ाती एमवीए पर भारी जीत दिलाई, जबकि विपक्षी भारत गुट झारखंड में सत्ता में लौटने के लिए तैयार दिख रहा था। जैसे ही दोनों राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती हुई, यह भाजपा में जश्न का समय था, क्योंकि पार्टी महाराष्ट्र के पावरहाउस राज्य में लड़ी गई 149 सीटों में से 125 सीटें जीतने की ओर अग्रसर थी। अपने सहयोगियों शिव सेना और राकांपा के साथ मिलकर, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन राज्य की 288 सीटों में से 219 सीटें जीत सकता है, जिससे कांग्रेस-शिवसेना (यूबीटी)-राकांपा (सपा) गठबंधन सिर्फ 51 सीटों पर रह जाएगा। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नितेश राणे ने कंकावली सीट पर 28,116 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 56.16 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 84,504 वोट मिले। उन्होंने शिव सेना के उम्मीदवार सतीश जगन्नाथ सावंत को हराया, जिन्हें 56,388 वोट (37.48%) मिले थे। कांग्रेस उम्मीदवार सुशील अमृतराव राणे 3,355 वोट (2.23%) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कुल वैध मतों की संख्या 1,86,718 थी। 2014 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नितेश राणे ने कांग्रेस के टिकट पर कांकावली सीट 25,979 वोटों के अंतर से जीती थी। उन्हें 47.91% वोट शेयर के साथ 74,715 वोट मिले। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार जथर प्रमोद शांताराम को हराया, जिन्हें 48,736 वोट (31.25%) मिले थे. शिवसेना उम्मीदवार सुभाष मयेकर 12,863 वोट (8.25%) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कुल वैध मतों की संख्या 1,55,959 थी।

# रामसे हाउस ऑफ हॉरर दूरदर्शन नेशनल पर लेकर आ रहा है डर का घर रामसे हाउस




**नई दिल्ली।** आगामी माह में एक दिसंबर से हॉरर कार्यक्रम रामसे हाउस का प्रसारण डीडी नेशनल चैनल पर किया जायेगा।यह रविवार रात्रि 10 बजे प्रसारित होगी। जिससे रामसे ब्रदर्स के नाम को आगे बढ़ाने का काम निर्देशक दीपक तुलसी रामसे कर रहें हैं। रामसे ब्रदर्स अपनी हॉरर फिल्मों और टीवी सीरियल के लिए ही जाने जाते हैं। ऐसे में दीपक तुलसी रामसे से दर्शकों को बहुत उम्मीदें हैं। इस कार्यक्रम के प्रसारण की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में चर्चा जोरों पर हैं। साथ ही दर्शकों में उत्साह हैं और बेसब्री से कार्यक्रम के प्रसारण का इंतजार कर रहें हैं। निर्देशक दीपक तुलसी रामसे ने बताया कि रामसे ब्रदर्स जिस काम के लिए जाने जाते हैं,वे भी उनके नाम और काम को बरकरार रखेंगे। दर्शकों को निराशा नहीं होगी।इस कार्यक्रम से भी दर्शकों को भरपूर हॉरर हास्य मनोरंजन मिलेगा।जैसा रामसे ब्रदर्स की फिल्मों और कार्यक्रम में कुछ अलग देखने को मिलता था।ठीक वैसे ही उन्होंने पूरी कोशिश की हैं कि दर्शकों को अलग और बेहतरीन हॉरर मनोरंजन का अनुभव मिलें। इस 52 कड़ियों के धारावाहिक में मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध कलाकार अली असगर,हेमन्त पांडेय,अमिता नागिया, शिवा रिंदानी, जाहिद शाह,कमलेश सावंत और दिवंगत अतुल पचौरे इत्यादि काम कर रहे हैं। रामसे हाउस के निमार्ता अमित रमेश काले, सरिता महाकाले,दीपक तुलसी रामसे, एम सलीम हैं,लेखक एम सलीम और क्रिएटिव प्रोड्यूसर जाहिद शाह छायांकन जावेद एहतेशाम,सहयोगी निर्देशक तनु पेंडेकर और म्यूजिक दिया अविजित दास ने।

# अदाणी से जुड़े भ्रष्टाचार की कीमत आम भारतीय चुका रहा है: राहुल



**दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अदाणी समूह से जुड़े भ्रष्टाचार की कीमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भ्रष्टाचार का बेहद खतरनाक खेल है। अदाणी मोदी जी को फंड देते हैं और बदले में मोदी जी उन्हें देश की राष्ट्रीय संपत्ति सौंपते हैं। वे उन्होंने दावा किया कि इसमें कीमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। राहुल ने कहा, जब अदाणी रिश्वत देकर महंगी बिजली बेचने का सौदा करते हैं, तब बढ़े हुए बिजली के दाम किसे देने पड़ते हैं आपको, जनता को। जब घोटाले सामने आने पर अदाणी के फजी तरीके से बढ़ाए हुए शेयर गिरते हैं, तब नुकसान किसका होता है आपका, खुदरा निवेशकों का। कांग्रेस नेता ने दावा किया, जब बंदरगाह, हवाई अड्डे, सीमेंट, रक्षा क्षेत्र अदाणी के हवाले किए जाते हैं, तब उन्हें मिलने वाला मुनाफा किसकी जेब से जाता है आपकी जेब से। उन्होंने कहा, इसीलिए मैं बार-बार बोल रहा हूं - इस खेल को समझिए, इसमें हार हमेशा जनता की होगी।

# फिजियोथेरेपी में नई क्रांति: एडवांस्ड फिजियो केयर से

## एथलीट्स के लिए स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी होगी आसान


एडवांस्ड फिजियो केयर क्लीनिक का उद्घाटन करते गणमान्य।

नई दिल्ली, नवंबर : आर्टेमिस हॉस्पिटल्स और एबीटीपी (अभिनव बिंद्रा टार्गेटिंग परफॉर्मेंस) ने दिल्ली-एनसीआर में विश्वस्तरीय फिजियोथेरेपी और रीहैबिलिटेशन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एडवांस्ड फिजियो केयर क्लीनिक लॉन्च किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य मरीजों को अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों के माध्यम से तेजी से ठीक होने में मदद करना है। इस क्लीनिक में साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स और मेडिसिन पर आधारित डेटा-ड्रिवन और पर्सनलाइज्ड मेथडोलॉजी का उपयोग किया जाएगा। इससे मरीजों को आर्थराइटिस, कमर दर्द, जोड़ों की समस्याओं और न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर जैसे रोगों के लिए सटीक और प्रभावी इलाज मिलेगा। विशेष प्रोग्राम में मसलोस्केलेटल और न्यूरोलॉजिकल रीहैबिलिटेशन, गेरियाट्रिक केयर, और स्पोर्ट्स इंजरी प्रोग्राम शामिल हैं।

इन सेवाओं का उद्देश्य पोश्चर सुधारने, मोबिलिटी बढ़ाने, मसल स्ट्रेंथ को पुनः प्राप्त करने और दर्द प्रबंधन में मदद करना है। आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की एमडी, डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, हम इस पहल के माध्यम से मरीजों को सर्वोत्तम फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर उत्साहित हैं। हमारी साझेदारी से पेशेंट केयर के नए मानक स्थापित होंगे।

# विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान का लोकार्पण करेंगे कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल

नई दिल्ली, नवंबर : संविधान दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाणा की पुस्तक विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान का लोकार्पण किया जाएगा। पुस्तक का लोकार्पण 25 नवंबर को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस पुस्तक का एक ही उद्देश्य है स्कूल-कॉलेज के छात्र एवं किशोर-युवाओं को संविधान के प्रति जागृत करना। बता दें कि प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाणा हैं। इस पुस्तक की भूमिका केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्वयं लिखी है। पुस्तक के लेखक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाणा का इस पुस्तक के विषय में कहना है कि संविधान को जानना-समझना, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। संविधान को समझने से वे भारत के नागरिक के रूप में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानेंगे। उनमें लोकतंत्र, समानता और न्याय के सिद्धांतों के प्रति गहरी समझ विकसित होगी। इस पुस्तक को भारत का संविधान सरल और सुलभ तरीके से समझाने की दृष्टि से डिजाइन किया गया है।

# 365 गांवों के किसानों को दिल्ली न्याय यात्रा में आश्वासन दिया कि कांग्रेस सरकार बनने पर ग्रामीण गांवों की भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा दिलाएगे : देवेन्द्र यादव

## कहा, 2025 में कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए शहरी और ग्रामीण जनता का न्याय यात्रा को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है





नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली न्याय यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करके दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 14वें दिन झंडा फहराने के बाद पालम विधानसभा के बाल्मीकि मंदिर, पालम गांव से न्याय यौद्धाओं, हजारों कांग्रेस कार्यकताओं, कांग्रेस समर्थको और क्षेत्रीय लोगों सहित नई उर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़े। यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा में दिल्ली की जनता द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने पर आभार प्रकट किया और कहा कि जनता की हिस्सेदारी से न्याय यौद्धाओं, कांग्रेस कार्यकताओं और कांग्रेस समर्थकों को न्याय की लड़ाई लड़ने में अधिक मजबूती मिल रही है। देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली न्याय यात्रा में पूर्व सांसद रमेश कुमार,, सुखविन्दर सिंह डैनी, पूर्व विधायक विजय सिंह लोचव, वरिष्ठ नेता जगप्रवेश कुमार, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, सतबीर शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीण राणा, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार सहित हजारां न्याय योद्धा शामिल थे।

22 नवम्बर,14वें दिन दिल्ली न्याय यात्रा पालम गांव बाल्मीकि मंदिर पर एक भव्य समारोह के बाद आगे चलकर राम चौक, राज नगर, दादा देव मंदिर, शुक्र बाजार चौक, कापसहेड़ा गांव, चौपाल, डीसी आफिस और दोपहर बाद बिजवासन विधानसभा में रंगपुरी गांव, रंगपुरी माता चौक, अंधेरिया मौड़, जहाज महल फूल वालों की सेर से आगे बढ़कर महरौली बस स्टेंड पर यात्रा का समापन हुआ। आज की 25 किलोमीटर से अधिक न्याय यात्रा पालम विधानसभा, बिजवासन विधानसभा और महरौली विधानसभा में निकाली गई। यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान अन्याय के खिलाफ लड़ाई हम दिल्ली की जनता के लिए लड़ते हुए दिल्ली के शहरी और ग्रामीण लोगों के सहयोग से आगे बढ़ रहे है। पालम से शुरू हुई यात्रा के दौरान गांव और अनाधिकृत कॉलोनियां अधिक पड़ती है, आज हम दिल्ली के 365 गांव के खाप पंचायत के प्रतिनिधियों से मिलकर इनकी समस्याओं और पीड़ा के बारे में लोगों से बात की है। दिल्ली के गांव में रहने वालों की समस्याऐं पिछले 11 वर्षो में बढ़ी है क्योंकि यहां आबादी बढ़ रही है और सुविधाएं पहले की तुलना और अधिक कम हो रही है। भूमि अधिग्रहण दिल्ली के ग्रामीण गांवों में अहम समस्या है, भूमि अधिग्रहण करके सरकार न तो उचित मुआवजा देती है और नही डीडीए की पॉलिसी अनुसार अन्य सुविधाओं के हकदार हमारे किसान भाईयों को कुछ मिल रहा है।

# गोपाल राय केवल प्रेस कांफ्रेंस और पत्र लिखकर प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते रहते हैं, जबकि दिल्लीवासी प्रदूषण के प्रभावों से बुरी तरह पीड़ित हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय केवल प्रेस कांफ्रेंस और पत्र लिखकर प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते रहते हैं, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है और दिल्लीवासी प्रदूषण के प्रभावों से बुरी तरह से पीड़ित हैं। हर घर में एंटी-एलर्जी दवाएं और नेबुलाइजर दैनिक जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि अधिकांश लोग भारी खर्च कर एयर प्यूरीफायर खरीद रहे हैं क्योंकि लिविंग रूम तक में प्रदूषण स्तर 350 ए क्यू आई से अधिक रहता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने दर्जनों आर.डब्ल्यू.ए. से बात की है कि क्या उन्होंने अपनी कॉलोनियों में कहीं भी पानी छिड़काव या स्मॉग गन देखी है, लेकिन किसी ने भी इसके बारे में पुष्टि नहीं की। शहर भर में पेड़ भारी धूल से ढके हुए हैं, जिससे ऐसी स्थिति बन गई है कि हरियाली ऑक्सीजन उत्पन्न करने या शहर की हवा को साफ करने में मदद नहीं कर रही है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी मालेर्ना की सरकार प्रदूषण को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, और यह पर्यावरण मंत्री के आज के संबंधित विभागों को लिखे नोट से स्पष्ट है, जिसमें वह प्रदूषण पर प्राथमिक डेटा मांगते हुए देखे गए।

# एनएफएल लगाएगा नंगल में नैनो यूरिया का आधुनिक प्लांट

नई दिल्ली, नवंबर : नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) अपने नंगल प्लांट में नैनो यूरियाका एक आधुनिक प्लांट लगाने जा रहा है, जिसमें कंपनी नैनो की नवीनतमतकनीक का उपयोग कर उत्पादन करेगी। इस नैनो यूरिया के नवीनतम वेरिएंटके साथ कंपनी नंगल में प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की 1.5 लाख बोतलें बनाएगी। कंपनी वर्तमान में बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के नैनो यूरिया वेरिएंटस कीप्रभावशीलता और उपयोग का अध्ययन, व्यापक कृषि अनुसंधान के माध्यम से कर रही है। नैनो यूरिया पोषक तत्व प्रदान करने के मामले में अधिक प्रभावी है औरनाइट्रोजन को धीरे-धीरे मिट्टी में छोड़ता है। यह अधिक पर्यावरण अनुकूल भी है। एनएफएल देश में सरकारी उपक्रमों के बीच सबसे बड़ा यूरिया उत्पादक है। कंपनी के विभिन्न प्रकार के उर्वरकों, बीजों, फसल सुरक्षा उत्पादों की बाजार में अच्छी पैठ हैं। कंपनी कई तरह के वैकल्पिक उर्वरकों को भी बाजार में लगातार उतार रही है जोकि भारतीय कृषि के लिए आवश्यक है।

# 1984 के दंगा पीड़ितों को नौकरी देना सराहनीय : दिल्ली कमेटी

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 1984 के सिख कतलेआम के 40 साल बाद कतलेआम के पीड़ित परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरियां देने के फैसले को सराहनीय बताया। कमेटी ने इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना का आभार व्यक्त किया।

शुक्रवार को जारी किए गए एक बयान में कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महा सचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि 1984 के कतलेआम के 40 साल बाद पीड़ित परिवारों को नौकरियाँ देने का फैसला मोदी सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके जख्मों पर मरहम लगाने जैसा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी लंबे समय से पीड़ित परिवारों के लिए नौकरियों की पैरवी कर रही थी और अब करीब 500 परिवारों को सरकारी नौकरियों के लिए चयनित किया गया है, जिसमें उम्र की सीमा भी समाप्त कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि कल लगभग 50 परिवारों के सदस्यों को दिल्ली के उप राज्यपाल श्री वी.के. सक्सेना द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, और बाकी परिवारों को भी जल्द ही नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे, जैसे ही कानूनी प्रक्रिया पूरी होगी। सरकारों के साथ टकराव की नीति को नकारते हुए सरदार कालका और सरदार काहलो ने कहा कि वे हमेशा से यह मानते आए हैं कि सरकारों के साथ मिलकर काम करना और सहयोग से ही कौम के लिए सार्थक फैसले लिए जा सकते हैं, और यह फैसले पीड़ित परिवारों को नौकरियाँ देने के फैसले से प्रमाणित हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की नीति किसी के हित में नहीं होती। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना का विशेष रूप से धन्यवाद किया जिन्होंने पीड़ित परिवारों की जरूरतों को समझते हुए उनके लिए सरकारी नौकरियों की मंजूरी दी। कमेटी के नेताओं ने यह भी कहा कि दिल्ली कमेटी हमेशा पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी और उन्हें जिन भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, वह कभी भी पीछे नहीं हटेगी।

# दौड़ने के साथ सफाई का अनूठा अभियान, गुरुग्राम में कर्मचारियों ने प्लॉगिंग में लिया हिस्सा


सफाई में हिस्सा लेते कंपनी के कर्मचारी।

नई दिल्ली, नवंबर : पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपनी जिम्मेदारी के तहत, एरिक्सन इंडिया ने गुरुग्राम में अपने कर्मचारियों और प्लोग्गा मूवमेंट के संस्थापक एरिक अहलस्ट्रॉम के साथ मिलकर प्लॉगिंग का आयोजन किया। प्लॉगिंग में दौड़ने के साथ-साथ कचरा इकट्ठा किया जाता है। यह पहल एरिक्सन की पर्यावरण पर प्रभाव कम करने और कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की कोशिश को दशार्ती है। एरिक अहलस्ट्रॉम ने अपनी बात साझा करते हुए कहा, आज मुझे गुरुग्राम में एरिक्सन के साथ प्लॉगिंग करने का शानदार मौका मिला। एरिक्सन एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य बनाने में अपनी भूमिका निभा रहा है। मुझे खुशी है कि प्लोग्गा प्रदूषण को खत्म करने में योगदान दे रहा है। यह पहल दिखाती है कि काम शब्दों से ज्यादा असरदार होते हैं। एरिक्सन के साथ मिलकर, प्लॉगिंग एक स्वच्छ और हरी-भरी दुनिया बनाने में मदद कर रही है। यह एक बेहतर कल की ओर बड़ा कदम है।

# अगले छह महीनों में दिल्ली सरकार में करीब 18000 नियुक्तियां की जाएंगी: अधिकारी

**दिल्ली।** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजधानी सरकार के विभिन्न विभागों में 702 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले दो वर्ष के दौरान दिल्ली अधीनस्थ सेवा भर्ती बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों और नगर निकायों में लगभग 22,000 स्थायी भर्तियां की हैं। अधिकारी के मुताबिक, उपराज्यपाल ने यह पहल शुरू की थी।दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, डीएसएसएसबी द्वारा लगभग 18,000 रिक्तियों का विज्ञापन जारी किया गया है और छह महीने के भीतर इन्हें भर दिया जाएगा। नई नियुक्तियां दिल्ली सरकार के शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा, दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली अग्निशमन सेवा जैसे विभिन्न विभागों में की गईं। बयान के मुताबिक, कुल 702 में से सबसे अधिक 232 नियुक्तियां स्वास्थ्य विभाग में की गई। बयान में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के बाद शिक्षा विभाग में 200, योजना विभाग में 119 और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में 88 नियुक्तियां की गई हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा रेवड़ी पर चर्चा लॉन्च कैंपेन किया गया।

# दिल्ली में एक व्यक्ति ने की पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या, आत्महत्या का प्रयास



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और बेटे को घायल कर दिया। इसके बाद उसने आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान खिचड़ीपुर निवासी संजू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर को संजू नशे की हालत में घर आया था और उसने पत्नी गीता (35) से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्व गुप्ता ने कहा, जब उसने इनकार कर दिया तो उसने गुस्से में उसे चाकू घोंप दिया। उसके 14 वर्षीय बेटे राज ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन संजू ने उस पर भी हमला कर दिय, जिससे उसके सीने पर चाकू के घाव हो गए। गुप्ता ने बताया कि पीड़ितों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां गीता के पेट में गहरा घाव होने के कारण उसका ऑपरेशन किया गया और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। बाद में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राज को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। राज की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और संजू की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू की गई, लेकिन वह फरार गया और अपना मोबाइल फोन भी छोड़ गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा, उसका पता अलीगढ़ स्थित उसके पैतृक गांव में चला, जहां उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और अस्पताल में भर्ती करा दिया। उन्होंने बताया कि संजू अभी अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में है और छुट्टी मिलने पर उसे हिरासत में ले लिया जाएगा।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता 420 एक्यूआई के साथ फिर गंभीर श्रेणी में पहुंची



**दिल्ली।** की वायु गुणवत्ता शनिवार सुबह 420 एक्यूआई के साथ फिर से गंभीर श्रेणी पर पहुंच गई, जबकि न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में 38 निगरानी केंद्रों में से नौ में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से अधिक के साथ गंभीर प्लस श्रेणी में दर्ज किया गया। 19 अन्य केंद्रों में 400 से 450 के बीच एक्यूआई स्तर के साथ वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। अन्य केंद्रों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 फीसदी रहा। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता पिछले 20 दिन से अधिक समय से खतरनाक बनी हुई है। 30 अक्टूबर को यह पहली बार बहुत खराब श्रेणी में पहुंची थी और 15 दिन तक यही स्थिति रही। बुधवार तक वायु गुणवत्ता गंभीर प्लस श्रेणी में थी। बृहस्पतिवार को अनुकूल हवा की स्थिति से थोड़ी राहत मिली लेकिन शुक्रवार को हवा की गुणवत्ता फिर से खराब होने लगी और गंभीर श्रेणी के करीब पहुंच गई।




आसमान में धुंध छाई हुई है और सड़क पर यातायात जारी है, वायु गुणवत्ता को खतरनाक श्रेणी में।

दिल्ली न्याय यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करके दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 14वें दिन झंडा फहराने के बाद पालम विधानसभा के वाल्मीकि मंदिर, पालम गांव से न्याय यौद्धाओं, हजारों कांग्रेस कार्यकताओं, कांग्रेस समर्थको और क्षेत्रीय लोगों सहित नई उर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़े।

# चंदनपुर चीनी मिल ने 12 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का किया भुगतान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/चंदनपुर।** क्षेत्र की अग्रणी चीनी मिल त्रिवेणी शुगर मिल की इकाई चंदनपुर चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024 /25 का शुभारंभ जहां 4 नवंबर 2024 को विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया था वहीं चीनी मिल चंदनपुर द्वारा पराई सत्र 2024/ 25 में क्रय केदो पर 3 नवंबर से ही गन्ने की खरीद का कार्य प्रारंभ हो गया था तथा चीनी मिल द्वारा 3 नवंबर से 5 नवंबर तक खरीदे गए समस्त 101730.22 कुुं गन्ने का भुगतान 371.66 लाख रुपए समिति के माध्यम से कृषकों के बैंक खाते में पहले ही भेज दिया गया था, तथा अब चीनी मिल द्वारा 12 नवंबर तक खरीदे गए समस्त गन्ने का भुगतान 1696.32 लाख समिति के माध्यम से किसानों के खातों में भेज दिया गया है, इस प्रकार नए वर्तमान पेराई सत्र 2024/ 25 के समस्त गन्ने का भुगतान आगे भी समय से भुगतान किया जाता रहेगा, इस संबंध में चीनी मिल के उपाध्यक्ष शुगर अमोद कुमार शर्मा ने वार्ता के क्रम में अवगत कराया कि गत पेराई सत्र में चंदनपुर चीनी मिल द्वारा 91.07 लाख कुंतल गन्ना खरीद किया गया था जिसका



समस्त भुगतान कर दिया गया था, इस वर्ष 104 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है जो सभी किसान भाइयों के सहयोग से प्राप्त किया जाएगा, उन्होंने बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान में चीनी परता की प्रमुख भूमिका है और वर्तमान में 8.85 प्रतिशत का चीनी परता प्राप्त हो रहा है इसलिए उन्होंने सभी कृषक भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि चीनी मिल को साफ, ताजा, जड़ ,पत्ती, अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने में अपना सहयोग प्रदान करें जिससे चीनी मिल गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी समय से गन्ना भुगतान करती रहे, इसके अतिरिक्त उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपना गन्ना ओने पोने दामों में इधर-उधर ना डालें आपका समस्त पेराई योग्य गन्ना लेने हेतु चीनी मिल दृढ़ संकल्प है, वही अमोद कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि गन्ना प्रजाति कोुं 0238 में रेड राट लाल सड़न जैसी भयंकर बीमारी आ गई है जिसकी वजह से कृषक भाइयों को उपज के रूप में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और चीनी को अभी पर्याप्त चीनी परता भी प्राप्त नहीं हो रहा है, इसलिए सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि कोुं 238 की आपूर्ति के समय रेड राट व अन्य बीमारी से ग्रसित गन्ने की छटाई कर अपने खेत में ही अलग कर दें तथा तथा रोग मुक्त गन्ने की आपूर्ति चीनी मिल में करके चीनी मिल का सहयोग करें ताकि समय से चीनी मिल प्रबंधन गन्ने का भुगतान समय से कर सके, तथा गन्ने की छिलाई दरती से कर चीनी मिल को साफ ताजा, जड़, पत्ती वह रोग रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा चीनी मिल प्रबंधन द्वारा बताई गई को0 238 के स्थान पर को.118, को. 98014, को.15023, को. जा.85 एवं को. जा. 88 की बुवाई करें और गन्ने की हरी पत्तियां न उतारे।

# गंगवार में अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन, देर रात तक चला कार्यक्रम

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार की देर शाम तहसील क्षेत्र के गांव गंगवार में एक अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे का शुभारंभ तिलावत कलाम ए पाक एवं नाते पाक से हुआ। मुख्य अतिथि नौशाद अली एडवोकेट, चौधरी आकि ब, अजीम आदिल, महमूद अली उर्फ भूरे भाई व मुजाहिद चौधरी ने संयुक्त रूप से शमा रोशन की। उमर अब्दुल्ला सिंधी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- वो अचानक मिला नहीं होता, जख्म फिर से हरा नहीं होता, सब्र ने जुल्म से कहा इतना, वक्त सबका सदा नहीं होता। मोहतरमा नकहत मुरादाबादी ने कहा- शौक से लीजिए ये जान तुम्हारी ही तो है, इश्क में जान क्या कुर्बान नहीं कर सकते। सुलेमान फराज हसनपुरी ने कहा- हर शख्स तेरे बाद मुनाफिक लगा मुझे, मैं रफ्ता रफ्ता




सारे जमाने से कट गया। मुजाहिद चौधरी एडवोकेट ने कहा- ये मेरे गांव की मिट्टी का करिश्मा है मुजाहिद, तुमको मेरा जो ये किरदार नजर आता है। इकराम रामिश ने कहा- कभी नाराजगी में जब वो हंसकर बोल पड़ते हैं, ना पूछो किस कदर खुशयों के मंजर बोल पढ़ते हैं। असद आदिल ने कहा- ए दिल तेरे रोने का यहां किस पा असर है, इस शहर के लोगों का तो पत्थर का जिगर है। आकि ल जैतपुरी ने कहा- निवाला यू मेरे अटका हुआ है, पड़ोसी कोई भूखा सो गया है। चमन हैदर बाकरी ने कहा- जब से उनसे दगा मिली है दिल को लगाना छोड़ दिया, हमने खुशियों की हर महफिल में आना जाना छोड़ दिया। जावेद आसी देवबंदी ने कहा- चुनाव आए हैं नफरत की आंधियां लेकर, मेरे करीम मेरा घर संभाल कर रखना। आरिफ हसनपुरी ने कहा- मुझे यह डर है कि इंसानियत ना मर जाए, सभी के हाथ में खंजर दिखाई देते हैं। जमाल हसनपुरी ने कहा- ना बांग्लादेश रखते हैं ना पाकिस्तान रखते हैं, हम अपने दिल में बस नक्शा ए हिंदुस्तान रखते हैं। मुशायरा देर रात तक कामयाबी के साथ चलता रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नौशाद अली एडवोकेट, चौधरी आकिब, चौधरी विशाल एडवोकेट, महमूद अली उर्फ भूरे भाई, नवाजिश अली, इफ्तखार चौधरी, डॉ० ताहिर, कारी अकरम नवाज, कारी कमरुल इस्लाम, मौलाना नदीम, डॉ० अफसर अली, अलाउद्दीन सैफी, डॉ० फैसल शुजाअत, डॉ० नदीम मलिक, शहाबुद्दीन सैफी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। मुशायरा के अध्यक्षता चौधरी शाहनवाज ने तथा संचालन हकीम बुरहन संभली ने किया।

# जी जी आई सी मे कैरियर मेले का हुआ आयोजन, छात्राओं ने बनाए विभिन्न प्रकार के पोस्टर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर में प्रधानाचार्या श्रीमती कुमकुम के निर्देशन में कैरियर मेले का आयोजन किया गया 'इस आयोजन में व्याख्यान हेतु डॉक्टर विनोद कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हसनपुर, डॉ गिरेंद्र सिंह प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय हसनपुर, मुजाहिद हुसैन अधिवक्ता तथा साहित्यकार, डॉ राहुल, डॉ राशिद तथा स्वास्थ्य विभाग से आरती शर्मा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ' नोडल अध्यापिका दीप्ति कुमारी के निर्देशन में करियर मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं ,जिससे उनको करियर चुनने से




संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त हुई,पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया,कैरियर हब के अवलोकन के बाद अतिथियों द्वारा सराहना भी की गई, वही कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा करियर से संबंधित व्याख्यान करते हुए अपने विचार व्यक्त किए गए जिससे विभिन्न विषयों पर व्याख्यान से छात्राओं को को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई 'कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौधरी ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन लता वर्मा, शैली राजपूत ,कुमारी खालेदा नसरीन तथा रूबी आदि सहित विद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

# इलाज के अभाव में हुई बीमार गाय की मौत, भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम पिपलोती खुर्द में दो गाय बीमार थीं जिनकी बीमारी की सूचना पशु चिकित्सा विभाग,उपजिलाधिकारी हसनपुर को देने के बाद भी कोई सरकारी पशु चिकित्सक नहीं पहुंचा। और शनिवार की सुबह उनमें से एक गाय की मौत हो गई। जिसे लेकर ग्रामवासियों में रोष व्याप्त हो गया। आक्रोशित ग्राम वासियों ने सूचना देने के बाद भी इलाज उपलब्ध न कराने और मृत गाय को उचित स्थान पर दफनाए जाने व बीमार गाय को बेहतर इलाज हेतु गौशाला भिजवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया, प्रदर्शन करने वालों में मोनू अग्रवाल, विक्रम जाटव, अर्जुन, मीना, विकास, अरमान, राजेश अजीत,रवि आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मोदी योगी के कुशल नेतृत्व ओर पश्चिम के प्रभारी सुभाष यदुवंश की शानदार रणनीति से पश्चिम में भाजपा की ऐतिहासिक विजय

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/यू पी।** शनिवार को उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव का रिजल्ट आते ही भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई बताते चले कि उत्तर प्रदेश में 9 सीटों हुए उपचुनाव में भाजपा को 7 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है,जिसमें 3 सीटें पश्चिम उत्तर प्रदेश की हैं, पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने उपचुनावों की घोषणा से ही पश्चिम में डेरा डाल दिया था,ओर ताबड़तोड़ संगठन की बैठके कर पश्चिम में भाजपा संगठन को चुनाव में पूर्ण सक्रिय कर दिया था,सुभाष यदुवंश पश्चिम की नस टटोलने में कामयाब रहे,ओर जिसकी जहां जरूरत थी उसको वही की जिम्मेदारी देकर पार्टी को मजबूत किया। लगातार पश्चिम क्षेत्र में गांव



गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया, जब हमारे संवाददाता ने सुभाष यदुवंश जी से बात की तो उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 एवं उत्तर प्रदेश उपचुनावों में भाजपा की प्रचंड विजय पर जनता जनार्दन और देवतुल्य कार्यकताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि यह ऐतिहासिक विजय दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता एवं देश के यशश्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं महायुति गठबंधन सरकार की नीतियों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी की अभी और जरूरत है, उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलकर जनता के दिलों पर राज कर रही है भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।

# जनपद देवरिया से पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

एस०टी०एफ० उत्तर प्रदेश को थाना सलेमपुर, जनपद देवरिया में पंजीकृत मु०अ०सं० 242/2024 घारा 2(बी) 1. 2 (बी) (2)/3 गैगेस्ट एक्ट में वांछित रू0 50,000/- के पुरस्कार घोषित अभियुक्त सुमित यादव पुत्र रामसजन यादव नि० एनौता कोठी, थाना मदनपुर, जनपद देवरिया को ग्राम एनौता कोठी के पास, थाना क्षेत्र मदनपुर, जनपद देवरिया। दिनांक 23-11-2024 समय 16.45 बजे सफलता हाथ लगी,एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से फरार / पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी।जिसके अनुपालन में दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस०टी०एफ० लखनऊ के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही करते हुए, उ०नि० अमित कुमार




तिवारी के नेतृत्व में मु०आ० आलोक पाण्डेय, अनित पाण्डेय, स्वरूप पाण्डेय कमाण्डो प्रहलाद चालक अफजाल की एक टीम जनपद देवरिया में भ्रमणशील थी। इस दौरान एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर ग्राम एनौता कोठी के पास, थाना क्षेत्र मदनपुर, जनपद देवरिया से वांछित अभियुक्त सुमित यादव को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है। नितेश कुमार उर्फ रफ्तार, कृष्णा यादव उर्फ मिता यादव, सूर्य प्रताप सिंह उर्फ गोलू, आयुष यादव व धीरज यादव के साथ मिलकर सलेमपुर, रूद्रपुर, कोतवाली नगर क्षेत्र आदि जगहों से मोटर साइकिल की चोरी करके आस-पास के जनपदों में बेच देता था। इसके विरूद्ध जनपद देवरिया के अलग-अलग थानों में लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। इसके विरूद्ध गैगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत हाने के उपरान्त यह छिप कर रहने लगा था।अभियुक्त को थाना मदनपुर, जनपद देवरिया में दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

# थाना समाधान दिवस में आई आठ शिकायतें, एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को शासन की मनसा अनुसार लगाई जा रहे थाना समाधान दिवस के अंतर्गत नगर की कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने फरियादियों की फरियाद सुनी, थाना समाधान दिवस में आठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से किसी एक शिकायत का भी निस्तारण नहीं हो पाया, वही पुलिस क्षेत्राधिकारी ने संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित हल्का लेखपाल एवं दरोगाओं को जल्द एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं, वहीं थाना समाधान दिवस में उपस्थित पुलिस कर्मियों



एवं लेखपाल आदि लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने कहा कि थाना समाधान दिवस सरकार की मनसा अनुसार लगाया जा रहा है तथा सरकार की मनसा है कि किसी भी प्रकार से शिकायत लेकर आने वाले लोगों की शिकायतों को दूर कर उनकी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता पूर्वक किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हो यह सुनिश्चित कर लें, यदि शिकायतों का निस्तारण जल्द एवं गुणवत्ता पूर्वक नहीं किया गया तो संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह तथा अन्य पुलिस स्टाफ व संबंधित हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# युवती के साथ छेड़छाड़, बचाने आए भाइयों के साथ मारपीट, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के आगे चारा उतार रही युवती के साथ गांव के ही लोगों ने छेड़छाड़ कर दी बचाने आए भाइयों के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की जिसकी तहरीर कोतवाली में दी गई है, बता ते चले कि कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा निवासी जितेंद्र पुत्र धर्मवीर ने कोतवाली प्रभारी को एक तहरीर देते हुए गांव के ही प्रेमपाल पुत्र रमेश, गौरव, बिट्टू राजकुमार, पुत्रगण प्रेपाल, मगलू पत्नी प्रेमपाल, रिशिपाल पुत्र मुन्ना आदि पर छेड़छाड़ का विरोध करने को लेकर मारपीट की तहरीर दी है जिसमें प्रार्थी ने बताया कि प्रार्थी की बहन कृष्णा घर के बाहर चारा उतार रही थी इस बीच आरोपी गौरव, बिट्टू व राजकुमार ने कृष्ण के साथ छेड़छाड़ करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए, इस बीच बचाने पहुंचे जितेंद्र एवं फुफेरे भाई ओंकार को आरोपियों ने जमकर पीटा और सर में धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रार्थी व उसके परिवार वालों को आरोपियों के चंगुल से बचाया तथा पीड़ित जितेंद्र पुत्र धर्मवीर ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है, वहीं दूसरे पक्ष में बताया कि बुकिंग पर डीजे ले जा रहे थे इस बीच रास्ते में चारा लदी गाड़ी खड़ी थी हटाने को कहने पर घर से निकाल कर आए लोगों ने जमकर हमारे साथ भी मारपीट की तथा हम पर लगाए गए आरोप निराधार हैं, वही इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस जांच कर रही है जांच उपरांत उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विकसित भारत चैलेंज के साथ देशव्यापी डिजिटल क्विज 25 नवंबर से शुरू

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से "विकसित भारत चैलेंज" के लिए जागरूकता अभियान चलाया। राष्ट्रीय युवा महोत्सव ने "विकसित भारत चैलेंज" का शुभारंभ किया, जो 23.11.2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय युवा महोत्सव - "विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें "विकसित भारत" के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके । इस आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी ।"विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम




में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025" तीन मुख्य श्रेणियों के प्रतिभागियों को एक साथ लाएगाः पहली श्रेणी में "विकसित भारत चैलेंज" के प्रतिभागी शामिल होंगे। दूसरी श्रेणी में जिला और राज्य स्तर के युवा महोत्सवों में चुने गए युवा शामिल होंगे, जिन्होंने पेंटिंग, विज्ञान प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषण प्रतियोगिताओं जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तीसरी श्रेणी में ऐसे युवा आइकन और प्रेरक हस्तियां शामिल होंगी, जिन्होंने उद्यमिता, खेल, कृषि और तकनीक जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इन 3000 युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन "विकसित भारत चैलेंज" के माध्यम से ट भारत प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है कि देश में कम से कम 1 लाख युवा नेताओं को विकसित किया जाए। यह मंच युवा नेतृत्व की प्रतिभा, उनकी आवश्यकताओं और "विकसित भारत" के लक्ष्य में उनकी भूमिकाओं को परिभाषित करने के अवसर प्रदान करेगा। आयोजन में मुख्य रूप से गौरव खन्ना झ द्रोणाचार्य और पद्म श्री पुरस्कार विजेता, सुश्री स्वाति सिंह झ कॉमनवेल्थ पदक विजेता, सुश्री आद्या श्रीवास्तव झ युवा आइकन और सोशल मीडिया सेलिब्रिटी, आत्म प्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ उपस्थित रहे ने आत्म प्रकाश जी ने कहा, राष्ट्रीय युवा महोत्सव - विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" युवाओं को अपनी सोच और दृष्टि को प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है।ह्व महेंद्र सिंह सिसोदिया, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ने कहा,युवाओं, विचारकों और नीति निमार्ताओं को एक मंच पर आयेंगे, जहां विचारों का आदान-प्रदान होगा और युवाओं को विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए सशक्त बनाया जाएगा। यह कार्यक्रम देशभर के युवाओं को उनकी सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए एकजुट करता है। "विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग झ राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025" से संबंधित सभी जानकारी ट भारत प्लेटफॉर्म (https://mybharat.gov.in/) पर उपलब्ध होगी।

# उत्तरप्रदेश उपचुनाव में बीजेपी की शानदार जीत

**लोकतंत्र लखनऊ सवंदाता**

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश उपचुनाव में हुई भाजपा की बड़ी जीत जिसके बाद लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय पहुँचे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्वागत किया आज जो जनादेश है अगर उत्तरप्रदेश के नजरिये से देखे तो 9 विधानसभा छेत्रो में ये चुनाव हुए पूरे प्रदेश में फैले हुए विधानसभा सीट है



जिनमे भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने सात सीटें जीती है इस एतिहासिक जीत का श्रय देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व के उनके मार्गदर्शन को जाता है डबल इंजन सरकार को सुरक्षा सुशासन के मार्ग पर ले जाने को लोक कल्याण के कार्यक्रम के लिए प्रेरित करता है ये जानता जनारदन के विश्वास की मुहर है इस संपूर्ण विजय के लिए ऐसा भी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को हृदय से बधाई देता हु जो कभी सपना हुआ करता था जो हकीकत में हम सबको और उत्तरप्रदेश की विजय प्राप्त हुई।

# गिरफ्तार हुआ शातिर जिला बदर

**लोकतंत्र लखनऊ शिवम मिश्रा**

**लखनऊ।** दिनांक 23.11.24 की सरोजिनी नगर पुलिस ने गुंडा नियंत्रण संबंधित एक अभियुक्त शातिर अपराधी गौरव कुमार पुत्र सुरेश रावत निवासी ग्राम अमौसी थाना सरोजिनी नगर जनपद लखनऊ माननीय न्यायालय ने दिनांक 9.10.24 को तीन



माह के लिए लखनऊ सीमा से बाहर निष्कासित का आदेश पारित किया गया था परंतु उसके बावजूद 22.11.24 को मुखबीर की सूचना मिली जिला बदर घोषित अपराधी गौरव कुमार अपने घर मौसी हाइडल की तरफ जाते हुए पुलिस को सूचना लगने पर 22.11. 2024 हाइडिल चौराहा कानपुर रोड से गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त करी अभियुक्त के द्वारा माननीय न्यायालय जिला बदर घोषित आदेश का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने के आधार पर अभियुक्त सौरभ कुमार उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय सरोजिनी नगर अग्रिम विधि करवाई वाई की युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है।

# उत्तर प्रदेश पवेलियन में उमड़ी भीड़, बना व्यापार मेले का मुख्य आकर्षण

**नई दिल्ली 23 नवंबर 2024 ।** उत्तर प्रदेश पवेलियन ने व्यापार मेले में अपनी विविधताओं और उत्कृष्टता के साथ हजारों आगंतुकों को आकर्षित किया है। यहां प्रदेश की समृद्ध विरासत, औद्योगिक क्षमता और नवीनता का अनूठा प्रदर्शन किया गया है। पवेलियन में चिकनकारी कढ़ाई, विश्व-प्रसिद्ध पीतल शिल्प और बनारसी सिल्क जैसे पारंपरिक कला रूपों के साथ-साथ



मैन्युफैक्चरिंग औरआईटी जैसे क्षेत्रों में की गई प्रगति को भी प्रदर्शित किया गया है। दर्शकों को कन्नौज के इत्र, लखनवी चिकनकारी, मुरादाबाद के ब्रासवेयर विशेष रूप से पसंद आ रहे हैं। पवेलियन ने उत्तर प्रदेश को व्यापार और संस्कृति का वैश्विक केंद्र साबित किया है। स्टाल धारकों को काफी संख्या में इन्क्वायरी प्राप्त हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के आर्थिक विकास और अपने नागरिकों के लिए अवसर सृजित करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

# समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल है डबल इंजन सरकार की जीतः योगी

**लखनऊ, 23 नवंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी-एनडीए की जीत पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई भी दी।

**पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है यह जीत**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल है।

**बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे-सेफ रहेंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार एवं सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट के जरिए एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।



# हरियाणा



पंचकूला स्थित अकादमी में साहित्यकार डॉ. जयभगवान शर्मा के नवप्रकाशित हरियाणवी व्याकरण का लोकार्पण करते अकादमी उपाध्यक्ष प्रोफेसर अग्निहोत्री एवं अन्य प्रतिनिधि।

## 52 वर्ष पहले बनी लाडवा अनाजमंडी में थे 22 व्यापारी, अब 200 से अधिक लाइसेंस धारी व्यापारी कर रहे अपना कारोबार

### व्यापारी बोलेः निकलने वाले बाईपास के आस-पास अनाजमंडी 100 एकड़ में शहर से बाहर बनाई जाए



लाडवा अनाजमंडी का दृश्य। (डिम्पी)

लाडवा नवम्बर : लाडवा में लगभग 52 वर्ष पहले अनाजमंडी बनी थी और तब अनाजमंडी में 22 व्यापारी जिनके पास लाइसेंस था, उनके साथ अनाजमंडी को बंसी लाल सरकार में शुरू किया गया था। अब 52 साल बीत जाने के बाद अब अनाजमंडी में 200 से भी अधिक लाइसेंस धारी व्यापारी अपने कारोबार को कर रहे हैं। अब शहर के लोगों में लाडवा सीएम सिटी बनने के

#### 24 एकड़ में बनी अनाजमंडी अब पड़ रही छोटी, मंडी छोटी पड़ने के कारण किसानों व व्यापारियों को हो रही परेशानी

बाद एक उम्मीद की किरण जगी है कि लाडवा विधानसभा इन पांच सालों में भरपूर तरक्की की ओर अग्रसर होगा। जैसे कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनते ही लाडवा की एक प्रमुख मांग बाईपास निकालने व पिहोवा से यमुनानगर तक सडक को चौड़ा करने की घोषणा की गई है तभी से अनाजमंडी के व्यापारियों में भी एक आशा की किरण पैदा हो गई है कि लगभग 24 एकड़ में बनी लाडवा अनाजमंडी भी बाईपास के तर्ज पर कम से कम 100 एकड़ में लाडवा से बाहर बनाई जाए ताकि व्यापारियों व किसानों को किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत न हो।

#### 1972 में शुरू हुई थी अनाजमंडी

लाडवा में बनी अनाजमंडी 1972 में शुरू हुई थी, 1969 से अनाजमंडी की जमीन लगभग 19 एकड़ कुछ कनाल सरकार द्वारा छोड़ी गई थी और तब लगभग 22 लाइसेंस धारी व्यापारियों द्वारा जो की लाडवा के मेन बाजार में उस समय अनाज का व्यापार किया करते थे। उनके द्वारा अनाजमंडी में दुकान लेकर अनाज का कारोबार शुरू किया गया था और जो की निरंतर 52 साल से चल रहा है।

#### अब है 200 से अधिक व्यापारी

इस समय लाडवा अनाजमंडी में जिनके पास मार्केट कमेटी द्वारा लाइसेंस है, 200 से अधिक व्यापारी अपने कार्य को कर रहे हैं और दिन-प्रतिदिन व्यापारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। परंतु अब अनाजमंडी छोटा पड? लगी है।

#### व्यापारियों ने की अनाजमंडी बड़ी करने की मांग

अनाजमंडी के व्यापारी अमन गुप्ता, प्रमोद धवन, राकेश मलिक, पवन बंसल, रोहित गर्ग, अशोक खुराना, विकास सिंघल, सुनील गर्ग, धर्मपाल, मुकेश काम्बोज, सुभाष चंद्र, बलदेव राठी, स्वीटी भुल्लर, सुशील कुमार आदि ने कहा कि इस समय जो अनाजमंडी शहर में बनी हुई है वह 20 एकड़ में है और जो कि अब व्यापार के हिसाब से काफी छोटी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जिस प्रकार से बाईपास बनाने की घोषणा की गई है उसी प्रकार से लाडवा अनाजमंडी को भी बाहर कहीं और लगभग 100 एकड़ की जमीन में बनाना चाहिए ताकि किसानों व व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

#### सीजन के समय लगा रहता है जाम : किसान

अनाजमंडी में आए किसान गुरमुख सिंह, सुदर्शन, राजपाल, सूबे सिंह, हरदयाल सिंह, दर्शन सिंह आदि ने कहा कि अनाजमंडी अब बहुत छोटी पड़ रही है। जिस समय किसी भी फसल का सीजन होता है। तब अनाजमंडी छोटी पड़ जाती है और लोगों को अपना अनाज डालने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और जाम की स्थिति भी बनी रहती है। यदि मंडी बाहर और बड़ी हो जाए तो जाम से भी निजात मिलेगी और किसानों व व्यापारियों का भी लाभ होगा।

#### 1992 में चार एकड़ में बनी थी दूसरी विस्तार मंडी

मार्केट कमेटी द्वारा 1992 में अनाजमंडी के सामने ही चार एकड़ में नई विस्तार मंडी का गठन किया गया था। जिसमें आज लगभग 25 दुकान व कुछ बूथ बने हुए हैं। परंतु उसके बावजूद भी अनाजमंडी छोटी पड़ रही है। अब व्यापारी कह रहे हैं कि अनाजमंडी को बाहर बनाना चाहिए ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो।

#### पूरे वर्ष में यह-यह आती है फसल

अनाजमंडी में फरवरी व मार्च के महीने में सरसों व तोड़िए का सीजन रहता है। इसके साथ-साथ अप्रैल के महीने में गेहूं का सीजन व जून में सलहैरी व अजवाइन का सीजन रहता है, जो कि प्रदेश की कुछ ही मंडियो में आती है। वहीं जून-जुलाई के महीने में मक्के की फसल, अगस्त से नवंबर तक धान की फसल, दिसंबर व जनवरी लगभग खाली रहते हैं। जिनमें अनाजमंडी में कोई भी किसी भी प्रकार का अनाज नहीं आता है।

#### मार्केट कमेटी कार्यालय भी हुआ पड़ा जर्जर

अनाजमंडी में स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय भी इस समय जर्जर हालत में पड़ा है, मौत के साए में अधिकारी व कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं लाडवा डीएसपी कार्यालय भी मार्केट कमेटी कार्यालय में ही बना हुआ है। जहां पर प्रतिदिन लोग उनसे अपने कामों के लिए मिलने जाते हैं।

#### आलू व प्याज की नहीं है मंडी

लाडवा विधानसभा के बाबैन व पिपली में अलग से आलू व प्याज की मंडी बनी हुई है, परंतु लाडवा में इन दो फसलों की कोई मंडी नहीं है। क्षेत्र के किसानों को अपने आलू व प्याज की फसल को बेचने के लिए लाडवा क्षेत्र से बाबैन व पिपली जाना पड़त है। यदि अनाजमंडी बाहर व बड़ी बनी तो आलू-प्याज का कारोबार भी लाडवा में ही हो सकता है।

#### मुख्यमंत्री सैनी से की थी मांगः गर्ग

लाडवा अनाजमंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान बिमलेश गर्ग ने कहा कि चुनाव से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अनाजमंडी बाहर निकालने व बड़ी करवाने बारे मांग की गई थी और जल्द ही वह उनसे टाइम लेकर इस बारे में अनाजमंडी में एक बड़ा कार्यक्रम करेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री से व्यापारियों के साथ एक दल की बैठक करवा अनाजमंडी को बाहर करवाने की मांग रखेंगे।

#### सभी को मिलेगा लाभः प्रदेशाध्यक्ष

हरियाणा स्टेट अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि जैसे सरकार द्वारा बाईपास की घोषणा की गई है यदि इस बाईपास के आसपास अनाजमंडी को लगभग 100 एकड़ में लेकर जाया जाए तो उससे न केवल लाडवा का व्यापार बढ़ेगा। इसके साथ-साथ लोगों को भी फायदा होगा।

#### लगभग 12 करोड़ रूपए की है इनकमः सचिव

मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार का कहना है कि पूरे वर्ष में लाडवा अनाजमंडी से फीस के रूप में 11 से 12 करोड़ रुपए की इनकम होती है, जो की अनाजमंडी के कार्यो पर ही खर्च की जाती है।

#### पहले एशिया की नंबर वन थी अनाजमंडीः सेखों

न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान अवतार सिंह सेखों ने कहा कि एक समय था जब लाडवा अनाजमंडी एशिया की सबसे बड़ी व नंबर वन पर थी। परंतु धीरे-धीरे अब यह छोटी होने के कारण एशिया में पीछे हो रही है।

## गुजवि ने किए विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित

हिसार, नवंबर : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने दी है।

उन्होंने बताया कि मई/जून 2024 में आयोजित एमटेक फूड टैक्नोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी कोर्स कोड-092 चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी जूलॉजी कोर्स कोड-260 चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी केमिस्ट्री कोर्स कोड-051 चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी साइकोलॉजी कोर्स कोड-111 चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी जियोग्राफी कोर्स कोड-246 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, एमएससी फिजिक्स कोर्स कोड-072 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, एमएससी मैथेमेटिक्स एफिलिएटिड कॉलेजिज चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी योगा साइंस एंड थेरेपी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस विद रिसर्च प्रोजेक्टस चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमए इंगलिश द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, पीजी डिप्लोमा इन योगा साइंस एंड थेरेपी द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2021, बीटेक एग्री. इंजीनियरिंग द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2019, बीएससी कंप्यूटर एप्लीकेशंस कोर्स कोड-232 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, एमएससी फिजिक्स कोर्स कोड-072 चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीटेक सीएससी द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर/मर्सी चांस) बैच 2016, बीटेक ईई द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर/मर्सी चांस) बैच 2015, बीटेक ईई आठवां सेमेस्टर (रिअपीयर/मर्सी चांस) बैच 2015, बीटेक ईई चतुर्थ व छठा सेमेस्टर (रिअपीयर/मर्सी चांस) बैच 2012, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी छठा सेमेस्टर (स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2012, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 व बीए जनरल द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2019, 2020 व 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त जुलाई 2024 में आयोजित दूरस्थ शिक्षा की एमए इंगलिश चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) सीरीज 2216, बीएएमसी द्वितीय वर्ष (रिअपीयर) सीरीज 2152, बीकॉम छठा सेमेस्टर (मेन) सीरीज 1955 गेप इयर व 2155, एमएससी मैथेमेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर (मेन) सीरीज 2309, बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) सीरीज 1955, 2055 व 2155 तथा बीकॉम छठा सेमेस्टर (रिअपीयर) सीरीज 1955 व 2055 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## नैंसी ने जिला स्तरीय कहानी लेखन में प्राप्त किया प्रथम स्थान



प्रथम आने वाली छात्रा के साथ स्टाफ नर्स।

राजौंद, नवंबर : राजकीय आईटीआई कैथल में हुए जिला स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत लोक नृत्य, लोक गीत कहानी, लेखन, कविता, लेखन पेंटिंग, भाषण, फोटोग्राफी, साइंस मेला इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कहानी लेखन प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय राजौंद की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान प्राचार्य राम मेहर सिंह ने कल्चरल कमेटी के इंचार्ज विक्रम महाविद्यालय परिवार एवं विजेता छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि हमने इस खूबसूरत मुकाम को महाविद्यालय परिवार के सहयोग एवं होनहार विद्यार्थियों की लग्न एवं मेहनत से प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंत में जिला उपायुक्त द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## फरीदाबाद के उद्योगपति सजन जैन बने पीएचडीसीसीआई हरियाणा के चेयर



सजन कुमार जैन।

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा व केंद्र सरकार और उद्योगपतियों के बीच सेतु के रूप में काम करने वाले पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने फरीदाबाद के उद्योगपति सजन कुमार जैन को हरियाणा राज्य चेप्टर का चेयर नियुक्ति किया है। पीएचडीसीसीआई द्वारा हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के लिए नई लीडरशिप का ऐलान किया गया है। इंडो ऑटोटेक लिमिटेड के अध्यक्ष सजन कुमार जैन फरीदाबाद में ऑटोमोबाइल क्षेत्र के एक प्रमुख उद्योगपति और एक प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। अपनी नियुक्ति पर सजन कुमार जैन ने हरियाणा को अवसरों की भूमि बताते हुए कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे ताकि उद्योग इन नीतियों का अधिकतम लाभ उठा सकें। आर्थिक विकास की दिशा में काम करने के लिए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति निमार्ताओं के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। उद्योगपतियों व सरकार के साथ मिलकर, हम व्यवसायों के लिए और अधिक अवसर पैदा कर सकते हैं और अपने क्षेत्र की समृद्धि में योगदान दे सकते हैं।

## पट्टेदारों को जमीनों का मालिकाना हक देने हेतु बिल लाने पर सीएम का जताया आभार

### लंबे समय से हरियाणा के पट्टेदार जमीनों का मालिकाना हक लेने के लिए कर रहे थे संघर्ष : हरपाल



हरपाल सिंह पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

गुहला चीका, नवंबर : आबादकार पट्टेदार किसान कल्याण समिति हरियाणा ने हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का विधानसभा सत्र में पट्टेदारों को जमीनों का मालिकाना हक देने के लिए बिल लाकर इसे कानूनी अमलीजामा पहनाने के लिए आभार जताया है। आबादकार पट्टेदार किसान कल्याण समिति की ओर से चेयरमैन हरपाल सिंह चीका के अलावा समिति प्रवक्ता लखविंद्र सिंह ग्रेवाल, महासचिव साहिब सिंह संधू, जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र अमरीक सिंह, जिला अध्यक्ष कैथल होशियार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य भोला सिंह, इदंजीत सिंह चनालहेड़ी व अवतार सिंह कंबोज पेहवा सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि संयुक्त पंजाब में उस समय की सरकार ने देश में अन्न की कमी को दूर करने के लिए गुहला पेहवा सहित राज्य के जंगल को आबाद जमीन में करीब 1950-1955 में बीस वर्षीय जमीन पट्टे पर देने का प्रावधान किया था।

उन्होंने बताया कि यह पट्टेदार पाकिस्तान ज्यादातर से विस्थापित एवं साथ लगते क्षेत्र के लोगों की दिये गये थे। पट्टेदारों ने उस बेआबाद-जंगल व उबड़-खाबड़ कल्लर जमीन को दिन-रात मेहनत से काश्त योग्य बनाया और अन्न पैदा कर देश के अन्न भंडार में हिस्सा डाला तथा इसी से अपने परिवार का पालन पोषण किया।

वर्ष 2013-14 में हरपाल सिंह के नेतृत्व में पेहवा-गुहला आबादकार पट्टेदार संघर्ष समिति बनाकर आंदोलन शुरू किया गया और एक बड़ी सभा गुरुदवारा कराह साहिब कूपियां में रखकर पूर्व राज्य सभा सांसद सरदार त्रिलोचन सिंह, पूर्व सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा के अलावा दिल्ली गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व एसजीपीसी अमृतसर सहित अन्य सामाजिक नेताओं के नेतृत्व में सरकार पर दबाव बनाकर कराह साहिब के लोगों को न्याय दिलाया और बिजली-पानी को चालू करवाया और फिर समय-समय पर सरकार से वार्ता जारी रखी।

### दिल्ली में महिलाओं को...

पदाधिकारी मतदाताओं तक पहुंचेंगे और 'आप' सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त सुविधाओं (रेवड़ियों) के संबंध में पर्चे बांटेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वर्कर पूरी दिल्ली में 65,000 सभाएं करेंगे ताकि लोगों को यह समझाया जा सके कि इन मुफ्त सुविधाओं का क्या मतलब है और कैसे केवल 'आप' ही इन्हें प्रदान कर सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, महिलाओं के लिए बस यात्रा और बुजुर्गो के लिए तीर्थ यात्रा की सुविधा मुफ्त प्रदान कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं के लिए एक और 'रेवड़ी'-1,000 रुपए मासिक सहायता-जल्द ही शुरू की जाएगी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को हमने 6 मुफ्त की 'रेवड़ी' दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मंचों से और कई बार ये बोल चुके हैं कि केजरीवाल दिल्ली में मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे हैं। ये बंद होनी चाहिए। दिल्ली की जनता हमें बताए कि ये मुफ्त की रेवड़ी चाहिए या फिर नहीं चाहिए। भाजपा यहां पर आई तो ये 6 सुविधा बंद कर देगी। देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है। इन 20 राज्यों में से एक भी राज्य में दिल्ली में जो हम रेवड़ी दे रहे हैं, उनमें से एक भी नहीं है। जब इन राज्यों में नहीं है तो फिर दिल्ली में भी नहीं देंगे।

### उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री...

संबोधित किया। सक्सेना ने छात्राओं से कहा कि जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आपके सामने चार मार्गदर्शक बातें होती हैं। पहला है स्वयं के प्रति आपकी जिम्मेदारी, दूसरा है अपने माता-पिता और परिवार के प्रति आपकी जिम्मेदारी, जबकि तीसरा है समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी। उन्होंने कहा कि चौथी जिम्मेदारी यह है कि आप स्वयं को एक ऐसी महिला के रूप में साबित करें, जिसने लिंग भेदभाव की दीवार को तोड़ा और सभी क्षेत्रों में दूसरों के बराबर खड़ी हुई।

आप और भाजपा के बीच शासन तथा नौकरशाही पर नियंत्रण सहित कई मुद्दों को लेकर टकराव जारी है। भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे केजरीवाल ने सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि वह जनता से 'ईमानदारी का प्रमाण पत्र' मांगेंगे।

### राहुल गांधी की कीचड़...

राहुल गांधी की कीचड उछालने की आदत बन गई है और चुनावों से पहले भी कीचड़ उछालते थे और अब भी। उन्होंने कहा कि मोदी पाक साफ हैं और 2001 से लेकर 2024 तक एक रूपए के घोटाले का आरोप कोई नहीं लगा पाया है। अनुराग ठाकुर ने अमेरिका की जिला अदालत नोटिस जारी करती है तो विपक्षी दल हो हल्ला करती है और शेयर मार्किट के दौरान भारत के साढे छह लाख करोड़ रूपए डूब जाता है, क्यों कि राहुल गांधी देश की जनता के खिलाफ ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जितना भाजपा पर कीचड़ उछालते हैं उतना ही कीचड़ में कमल का फूल खिलता है। सांसद ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार अपने 2 वर्ष का कार्यकाल मनाने वाली है लेकिन इनके अपने ही सरकार के मंत्रियों को ही जानकारी नहीं है और अगर कोई इनकी नाकामी पर सवाल खड़ा करता है तो इसका गुस्सा वो मीडिया कर्मियों पर भड़क कर निकालते हैं। ये सरकार न जनभावनाओं पर न ही अपने वादों पर खरी उतर पाई। और तो और कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से आज हिमाचल की चारों ओर जगहंसाई हो रही है। कभी शौचालय पर टैक्स की बात, कभी समोसे की सीआईडी जांच और अब हिमाचल भवन की कुर्की के आदेश से साफ़ है कि ये सरकार पूरी तरफ़ दिशाहीनता व दिवालियापन की शिकार हो चुकी है। सांसद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार हताश और निराश है। सीपीएस का मामला कोर्ट में है और न्यायालय का जो निर्देश होंगे वह सब को सर्वमान्य होंगे। अगर आप हाईकोर्ट का निर्णय देखें तो स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि जो नियुक्तियां की थीं वह असंवैधानिक तौर पर थीं और नियमों के अनुसार नहीं थीं और राज्य के सरकार के करोड़ों रुपए इन सीपीएस की नियुक्तियों पर लगाए गए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर सरकारी कर्मचारी अपने डीए के लिए भाग रहे हैं, पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल पाती है, आम जनता के ऊपर कभी बिजली के दाम बढ़ा दिए, कभी पानी पर सरचार्ज लगा दिया व कभी पेट्रोल डीजल पर जीएसटी बढ़ा दिया।

### हिमाचल के 6 विधायकों...

किया। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि, कहा कि इस बीच विधायकों की सचिव के रूप में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। अदालत ने प्रतिवादियों को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया और उसके बाद राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया।

## सीपीएस मामले में हाईकोर्ट के आदेशों पर रोक का सीएम सुक्खू ने किया स्वागत

शिमला, नवंबर।सीपीएस रहे विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से सरकार को राहत मिली है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सीपीएस रहे विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के हाई कोर्ट के निर्देशों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक का स्वागत किया है।

दिल्ली में मीडिया से मुखातिब होते हुएमुख्यमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कानूनी व्या या पर स्पष्टता प्रदान की है। कानून को परिभाषित किया है , जो उच्च न्यायालय के निर्णय के पैराग्राफ 50 से भिन्न था। उन्होंने कहा किअब हम आगे उठाए जाने वाले कदमों पर विचार.विमर्श करेंगे। वकीलों की राय से आगे बढ़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की ओर से अफ्वाह फैलाकर लोगों का ध्यान बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता बचकानी बातें कर रहे हैं। कभी समोसे की चर्चा करते हैं तो कभी टॉयलेट टैक्स की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस के विधायकों की संया दोबारा 40 पहुंची है , तब से भाजपा के नेता मुझे व्यक्तिगत तौर पर निशाना बना रहे हैं।जाहिर है कि उनका इशारा उपचुनाव में भाजपा की हार की तरफ था।

सुक्खू ने कहा कि सोशल मीडिया व मीडिया तक में मेरे इस्तीफे की पेशकश की खबरें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों को उठा कर लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास किा जा रहा है।कहा कि विपक्ष को महंगाईए भ्रष्टाचारए बेरोजगारी के मुद्दे उठाने चाहिए। दो साल में कांग्रेस की सरकार ने समाज के सबसे आखिरी तबके के व्यक्ति के लिए काम किया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बीते रोज शिमला से दिल्ली गए थे। दिल्ली में उन्होंनेवरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी के साथ मुख्य संसदीय सचिवों के मामले को लेकर चर्चा की। शुक्रवार सुबह वह मामले की सुनवाई से पहले मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच बैठक हुई।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ से शिमला आएंगे।

## एलजी के भाषण को कैबिनेट ने दी मंजूरी

जम्मू, नवंबरः जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विधानसभा सत्र में उप-राज्यपाल के भाषण को मंजूरी दी गई और मंत्रियों को बेरोजगारी से निपटने के लिए अपने-अपने विभागों में काम शुरू करने का निर्देश दिया गया। कैबिनट बैठक के बाद मंत्री जावेद राणा ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी की समस्या के समाधान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और इसे एक गंभीर मुद्दा बताया जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने विभागों में बेरोजगारी से निपटने के लिए कदम उठाए। हम चुनाव घोषणा-पत्र में किए गए सभी वायदों को पूरा करेंगे। हमारी सरकार को सत्ता में आए अभी एक महीना ही हुआ है। अगले दो महीनों में हम स्पष्ट प्रगति सुनिश्चित करेंगे, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार की रणनीति के तहत रिक्तियों को पहले ही लोक सेवा आयोग (पीएससी) और सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से भर्ती प्रक्रिया में तेजी आने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

## ज्ञानवापी विवादः एएसआई सर्वेक्षण की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस

नई दिल्ली, नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) से सर्वेक्षण कराने की हिंदू पक्ष की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति 'अंजुमन इंतेज़ामिया मसाजिद' को नोटिस जारी करके 17 दिसंबर 2024 तक जवाब दाखिल करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष की याचिका में 'शिवलिंग' पाए जाने वाले क्षेत्र का ए.एस.आई. सर्वेक्षण कराने की गुहार लगाई गई है।

शीर्ष अदालत ने इससे पहले मस्जिद के अंदर के क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया था, जहां 16 मई, 2022 को अदालत द्वारा सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद के तालाब में कथित तौर पर 'शिवलिंग' पाया गया, जिसे मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकद्दमों को एक निचली अदालत, जिला न्यायाधीश के समक्ष रखना बेहतर होगा, जहां मुख्य मुकद्दम लंबित है। ऐसा करने के बाद उच्च न्यायालय साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करने वाला पहला अपीलीय अदालत हो सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीलबंद क्षेत्र के ए.एस.आई. सर्वेक्षण और मुकद्दमों की विचारणीयता सहित सभी मुद्दों (जिनके बारे में मुस्लिम पक्ष का दावा है कि वे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित हैं) पर अदालत साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर सुनवाई कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार के लिए अगले महीने की तारीख तय की है।

# संविधान और भाईचारे के लिए एकजुट होकर लोग तानाशाही का मुकाबला करें - बानी मंजरी दास

## बिहार के राजधानी पटना में समता कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** समता सम्पर्क अभियान के तत्वावधान में बिहार दलित विकास समिति के सभा कक्ष में गांधी लोहिया जयप्रकाश नारायण और किशन पटनायक की वैचारिक परंपरा से जुड़े हुए समर्पित लोगों का वर्तमान चुनौतियों पर समता कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन नारी चेतना मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष बानी मंजरी दास पटनायक ने करते हुए कहा कि वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए जन जागरण बेहद जरूरी है। लोगों को पता होना चाहिए कि कथित विकास के नाम पर पूरे देश में लूट और ठगी हो रही है। संविधान और भाईचारे के लिए एकजुट होकर लोग तानाशाही का मुकाबला करें। इसे लेकर जनता को लामबंद होना होगा। विभिन्न बुनियादी समस्याओं का ठोस हल निकाला जाना चाहिए। वर्तमान समय में देश को तानाशाही और सांप्रदायिकता से बड़ा खतरा है। बानी मंजरी दास ने कहा कि साम्प्रदायिकता के चलते देश का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन हुआ। आज एक बार फिर तानाशाही से जनता की आवाज दबाई जा रही है। अघोषित आपातकाल का परिदृश्य सामने है। देश की आजादी के 77 साल बाद भी बड़ी संख्या में लोग बुनियादी समस्याओं के अभाव में भटक रहे हैं। सामाजिक और आर्थिक विषमता की स्थिति बेहद खराब है। मानव अधिकारों का जबरदस्त हनन हो रहा है। बिहार जैसी समस्याएं पूरे देश में है। इसके लिए देशव्यापी आंदोलन की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे रीवा ने किया। सम्मेलन में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ दोहराया गया। इस मौके पर




वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के द्वारा चलाए गए संपूर्ण क्रांति आंदोलन के काम को आगे बढ़ाने की जरूरत है। 1977 में सत्ता परिवर्तन हुआ लेकिन 1979 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के निधन के बाद व्यवस्था बदलाव की लड़ाई अधूरी रह गई। देश में तानाशाही ताकतों का खतरा बरकरार है। भाजपा शासित राज्यों की डबल इंजन सरकार के नाम पर मनमानी जारी है। चुनाव प्रणाली में सुधार नहीं होने से तरह-तरह की गड़बड़ियां बनी हुई है। महंगाई भ्रष्टाचार का बोलबाला है। देश के नौजवानों को काम मिले इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। देश के किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। कर्ज की बोझ से दबे किसानों की खेती घाटे का धंधा बनी हुई है। किसानों की आत्महत्याओं का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। खेती की जमीन पर बड़े पूंजीपतियों की गिद्ध दृष्टि है। सरकार पूंजीपतियों के साथ खड़ी हुई है। सामाजिक विषमता मिटाने के लिए जाति तोड़ो आंदोलन की बात होना चाहिए। बेटियों की पढ़ाई और सुरक्षा का सवाल काफी अहम है। लंबे समय तक सरकारी बुलडोजर आतंक को जबरदस्ती महिमामंडित किया गया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला काफी देर से आया। निजीकरण को बढ़ावा दिए जाने से देश को पूंजीपतियों के हाथ में सौंपने की तैयारी चल रही है। धर्म नितांत निजी आस्था का विषय है लेकिन सरकार में बैठे लोगों के द्वारा उसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार धर्मांधता बढ़ाने में लगी हुई है। एक जैसी शिक्षा और सुविधा देने की जगह शैक्षणिक जगत में जबरदस्त भेदभाव देखने को मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड के नाम पर आम आदमी को स्वास्थ्य लाभ मिलने की जगह लूटा जा रहा है। शिक्षा चिकित्सा और सुरक्षा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। देश के बेरोजगारों के लिए सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। इसके चलते आरक्षण नीति को भी विवादास्पद बनाने का दुष्चक्र चल रहा है। निजीकरण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिए जाने से सरकारी नौकरियों और आरक्षण का दायरा काफी सीमित कर दिया गया है। यह एक बड़ी साजिश है। चुनाव प्रणाली में सुधार करने की जगह उसे बेहद खचीर्ला बना दिया गया है। चुनाव में जाति धर्म धनबल बाहुबल का बोलबाला है। ईवीएम को लेकर उठाए जा रहे सवाल काफी गंभीर हैं लेकिन उसे अनदेखा किया जा रहा है। चुनाव के समय सरकारी खजाने से गरीबों को दिए जाने वाले अनाज और लाडली बहनों को प्रतिमाह ?1000 से अधिक की धनराशि को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि सरकार लोगों को जीवन यापन के लिए काम देने के बजाय उन्हें निकम्मा बनाने में लगी हुई है। मरे ना मुटाय वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। समता कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक जेपी सेनानी सूर्य देव त्यागी मनेर पटना, जेपी सेनानी कालिका सिंह कैमूर जानकी भगत रोहतास डॉ जेपी सिंह बलिया संजय सिन्हा एडवोकेट पटना, जेपी आंदोलनकारी सत्यनारायण मदन कंचन वाला पटना ,श्यामल किशोर भागलपुर , मो. शाहिद कमाल मुजफ्फरपुर , फादर जोस पटना , रमाशंकर भारती अजय कुमार वैशाली, शिवजी सिंह , जयशंकर सिंह , हीरालाल सिंह रोहतास सच्चिदानंद मंडल , जयप्रकाश गौतम मुंगेर डॉ संजय रघुवर औरंगाबाद, अमरेंद्र श्रीवास्तव डा अमानुल हक आलमगीर बेतिया, जय लाल सिंह कुशवाहा कटिहार, रामचंद्र प्रसाद नालंदा गौतम कुमार गुप्ता खगड़िया , राजेश दुबे भोजपुर, शोभा देवी लक्खीसराय , राम रतन भारती पटना संजय प्रधान मुजफ्फरपुर अनोखेलाल मऊ , राम नगीना सिंह , रामबचन राम कैमूर , जगत भूषण गया, कारू भाई बोधगया , मकबूल अहमद मुज़फ़्फ़रपुर, आफताब अंजुम, तौसीफ रजा सीतामढ़ी, शिवकुमार चौहान औरंगाबाद, उत्तर प्रदेश से विजय श्रीवास्तव लखनऊ आदित्य विक्रम सिंह हरदोई ,शत्रुघ्न तिवारी सिराज अहमद दुर्गा विश्वकर्मा अंबेडकर नगर रीवा मध्य प्रदेश से श्रवण प्रसाद नामदेव रमाशंकर शुक्ला शेष मणि शुक्ला अशोक सोनी के अलावा सतीश कुमार चंदन , अचिंत्या कुमार राज , पंकज कुमार, सोभनाथ कुमार , अश्विनी कुमार पटना आदि की उपस्थिति दर्ज की गई।

# फाइलेरिया प्रसार दर की पहचान के लिए नाइट ब्लड सर्वे के साथ लगेगा स्वास्थ्य शिविर: डॉ सुरेश

>> बीसीएम, एएनएम, आशा फैसिलीटेटर, सीएचओ और एएनएम को मिला प्रशिक्षण
>> नाइट ब्लड सर्वे के पहले लोगों में इसके फायदे बताना जरूरी




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**सीतामढ़ी।** जीएनएम कॉलेज के भवन में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों का नाइट ब्लड सर्वे के लिए प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण में मुख्यतः सफलतापूर्वक नाइट ब्लड सर्वे कराने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए सिविल सर्जन डॉ सुरेश प्रसाद ने बताया कि सभी प्रखंडों में होने वाले नाइट ब्लड सर्वे के साथ इस बार स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सामान्य जनमानस शुगर, रक्त चाप के साथ मौसमी बीमारियों एवं अन्य रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके पश्चात उपयोगी दवा भी वितरित की जाएगी। प्रखंड स्तरीय यह प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में सभी प्रखंड के बीएचएम, बीसीएम सहित लैब टेक्नीशियन, आशा फैसीलिटेटर, एएनएम शामिल थी। मालूम हो कि जिले में 25 नवंबर से 30 नवंबर तक नाइट ब्लड सर्वे किया जाना है। प्रत्येक स्थायी एवं अस्थायी सत्रों पर दो दिनों दिनों का एनबीएस किया जाएगा। जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सही प्रकार से सैंपल लेने, उनके प्रबंधन सहित जांच के सही तरीकों को बताना था। इससे फाइलेरिया प्रसार का सही आंकड़ा उपलब्ध हो पाएगा, जिससे सर्वजन दवा अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवाओं के एडमिनिस्ट्रेशन में आसानी होगी। एनबीएस के जागरूकता के लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक में जीविका, आईसीडीएस, पंचायती राज,शिक्षा विभाग जैसे विभागों से समन्वय की अपील की गयी है। वहीं सिविल सर्जन के द्वारा प्रत्येक पीएचसी/सीएचसी को अपेक्षित सहयोग के लिए कहा गया है। प्रशिक्षण के दौरान डब्लू एच ओ की रिजनल कोओर्डिनेटर डॉ माधुरी देवराजु ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे पूरी तरह से वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। इसमें प्रत्येक सत्र पर कम से कम तीन सौ सैंपल लेना आवश्यक है। नाइट ब्लड सर्वे रात में साढे आठ बजे के बाद और 12 बजे के पहले होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फाइलेरिया के परजीवी हमेशा रात में ही पेरिफेरल ब्लड सकुर्लेशन में निकलते हैं। स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति में भी फाइलेरिया के परजीवी हो सकते हैं। एनबीएस से पता चलेगा कि किस प्रखंड में कितना फाइलेरिया का प्रसार है। प्रखंड के दोनों साइट मिलाकर प्रसार दर एक प्रतिशत या उससे अधिक आने पर आगामी फरवरी में एमडीए/आइडीए कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। मौके पर सभी प्रखंडों के बीएचएम, बीसीएम,सीएचओ एवं एएनएम मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नशा कारोबारी को न्यायालय ने सुनायी दो साल की सजा

**चित्रकूट।** एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को न्यायालय ने 02 वर्ष 08 माह का कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि 25 अप्रैल 2013 को थाना राजापुर मे नियुक्त उनि दीपक पाण्डेय ने अभियुक्त बोधी उपरोक्त को 49 किलो गांजा के साथ खेत से गिरफ्तार किया था। थाना मानिकपुर में नियुक्त उनि सच्चिदानंद राय ने मुकदमें की विवेचना की 24 जनवरी 2015 को आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया था। जिस पर न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश एससी एसटी एनडीपीएस कोर्ट राममणि पाठक ने आरोपी बोधी निषाद पुत्र बद्री निषाद निवासी कल्याणीपुरवा मजरा सरधुवा को 02 वर्ष 08 माह का कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### मतदान केन्द्रों पर सूची का हुआ वितरण

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि चित्रकूट एवं मानिकपुर में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों एवं पदाभिहीत स्थलों (मतदान केन्द्रो) पर करा दिया गया है। अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त करने की अवधि दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर के मध्य चार विशेष अभियान तिथियां यथा (09 नवम्बर (शनिवार), 10 नवम्बर (रविवार), एवं 23 नवम्बर (शनिवार), 24नवम्बर (रविवार) को आयोग द्वारा निर्धारित की गयी हैं।

### स्वास्थ्य कैंप लगाकर मरीजों को बांटी गयी मुफ्त दवा



**चित्रकूट।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में मानसिक स्वास्थ्य कैंप (मेला) का आयोजन गया। इसमें 380 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा वितरित की गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि यदि हमारा मन स्वस्थ रहेगा तो हम बहुत सी बीमारियों से बच जाएंगे। मन के हारे हार है मन के जीते जीत। उचित व संतुलित आहार, निद्रा व इंद्रिय संयम से ही मानसिक रोगों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। मानसिक रोग चिकित्सक डॉ. नरेंद्रदेव पटेल ने बताया कि जिला अस्पताल में किसी भी प्रकार की मानसिक बीमारी का चिकित्सीय परामर्श उनसे प्राप्त कर सकते है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा व्यक्तियो की मनोवृति अच्छी होने से परिवार, गांव और राष्ट्र स्वस्थ रहेगा। बच्चों व स्वयं को सुबह उठते ही आधा घंटे तक मोबाइल से दूर रखे। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए सुबह आधा घंटा योग करें। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर डॉ गौरव जैदका ने किया। कार्यक्रम मेंअधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर डॉ राजेश सिंह, डॉ श्याम जाटव, भाजपा नेता दिनेश तिवारी, डॉ ज्योति तिवारी, डॉ विवेक, केपी खरे, बीपीएम ,बीसीपीएम रोहित, एनएम सीएचओ, स्टाफनर्स, मानसिक रोग काउंसलर संजय, बैजनाथ आदि रहे।

### डीएम ने खंडेहा में लगायी चौपाल, सुनी समस्याएं

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड मऊ के ग्राम पंचायत खंडेहा में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग जो समस्या बताए हैं उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों से कहा कि जो समस्या आई है उसका शत प्रतिशत निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा जल्द ही सभी किसानों को गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा, इस गोल्डन कार्ड से लोन, किसान सम्मन निधि, खाद, बीज लेना है उसी से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में ग्रामीण जनता को बताएं की किस प्रकार से इसका आवेदन किया जाता है जांचों उपरांत पात्र लाभार्थी को ही मिलता है। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देशित किया कि जो भी समस्याए चकबंदी से आती है उसका तत्काल निस्तारण कराए। उ

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# सपाइयों ने सपा संस्थापक को किया नमन,वितरित किए फल

■ बांदा




सपा संस्थापक समाजवादी पुरोधा स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती सपाइयों ने शुक्रवार को धूमधाम से मनाई। सपाइयों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा गया कि हमारा संविधान खतरे में है। उप चुनाव में समाजवादियों को वोट नहीं डालने दिया जा रहा। देश का पूरा पैसा उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। महंगाई चरम पर है।

लोहिया नगर स्थित सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में

सपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन कुशवाहा के अलावा मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व राज्य सभा सांसद विशंभर प्रसाद निषाद, बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव, पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल उपस्थित रहे। श्री निषाद ने कहा कि विराट व्यक्तित्व सर्व समाज को जोड़ने वाले समाजवादी विचारधारा के संवाहक नेता जी रहे। कहा कि वर्तमान में हमारा संविधान खतरे में है। वर्तमान में हो रहे उप चुनाव में समाजवादियों को वोट नहीं डालने दिया जा रहा है। महंगाई अपने चरम पर है बेरोजगार परेशान है। इसलिए आगामी 2027 में हम सबको एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। सांसद कृष्णा पटेल ने कहा नेताजी जमीनी नेता थे। गरीबों मजदूरों महिलाओं के मसीहा थे। इसलिए उन्हें धरतीपुत्र मुलायम सिंह कहा जाता है। बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि जिस तरह वर्तमान सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है, ऐसा पूर्व की सरकारों में कभी नहीं हुआ। शासन और प्रशासन जाति और धर्म देखकर कार्रवाई कर रहा है। अभी हाल ही के उप चुनाव में देखा गया है कि मुस्लिम समुदाय को वोट डालने से वंचित रखा गया है। पूर्व मंत्री श्री पटेल ने कहा कि 37 सांसदों के साथ समाजवादी पार्टी भारत की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है यह लोगों का समाजवाद के प्रति विश्वास है, भाजपा की सारी योजनाएं जनता को ठगने वाली है। भाजपा अध्यक्षपूर्ण राजनीति करती है महिलाएं व्यापारी युवा सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। जनता परिवर्तन चाहती है। इसलिए हम सबको मिलकर 2027 में समाजवादी पार्टी को जीतने का काम करना है। ईशान सिंह लवी, नीलम गुप्ता, हसन सिद्दीकी, भरत दिवाकर, किरण वर्मा, ओमनारायण त्रिपाठी विदित, पुरुषोत्तम गुप्ता, इंद्रजीत यादव आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# कविओं और रचनाकारों ने अपनी रचनाएं सुनाकर लूटी वाहवाही

## संत छोटेलाल की पुन्यतिथि पर कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन



■ महोबा

शहर के मोहल्ला गांधीनगर में संतोष कुमार वर्मा के पिता संत छोटेलाल की पुन्यतिथि पर उनके आवास में गुरुवार की रात्रि कवि गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में कवियों व रचानाकारों ने अपनी रचनाओं और कविताओं के माध्यम से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। गोष्ठी का शुभारंभ कवि ओमप्रकाश तिवारी ने मां सरस्वती वंदना से किया और इसके बाद पानी को बचाने के लिए रचना सुनाकर उपस्थित लोगों की वाह वाही लूटी। गोष्ठी का संचालन विदेश कुमार विद्यासन ने किया।

गोष्ठी में हरिश्चंद्र वर्मा हरीश ने रचना पढ़ते हुए कहा कि गर मेर हुकूमत चले तो इस धरती को एक परिवार का मकान बना दूं जहां मुहब्बत ही फले फूले ऐसा गुलदस्ता बना दूं। साहित्यकार संतोष कुमार पटेरिया ने क्या क्या न जोड़ता रहा घटता चला गया औरों को बांटने में सारा चला गया।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला पर्यटन एवं संस्कृति अधिकारी डा0 चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने कहा कि संत छोटेलाल की याद में यह गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें कवियों और रचनाकारों ने रचाओं की त्रिवेणी बहायी है। जिले में साहित्यकारों और संगीतज्ञों की कमी नहीं है। गोष्ठी मे कवि कृष्ण मोहन नायक हरीराम नगायच जेके शिवहरे नरेंद्र पंडित अखिलेश तिवारी सहित तमाम कवियों ने अपनी अपने रचनाएं प्रस्तुत की।

# विज्ञान मंथन परीक्षा में दो छात्रों का हुआ चयन

**बांदा।** अटल आवासीय विद्यालय अछरौड में विज्ञान मंथन की परीक्षा में कक्षा-7 के दो छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा अक्टूबर और नवंबर में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के समस्त प्रतिष्ठित वि?द्यालयों एवं 18 अटल आवासीय विद्यालयों में से अटल आवासीय वि?द्यालय बांदा के कक्षा-7 के दो छात्रों का चयन हुआ है। जिनके नाम मास्टर आयुष कुमार पुत्र रमाशंकर एवं मास्टर पंकज कुमार पुत्र हीरालाल है। इन छात्रों का मार्गदर्शन विद्यालय के जागरुक एवं अनुभवी अध्यापक परशुराम पटेल गणित शिक्षक ने किया। ज्ञातव्य हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राज्य स्तरीय परीक्षा का कैंप दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में 22 दिसंबर को होगी। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र राष्टीय स्तर की विज्ञान मंथन की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिसकी आयोजन स्थल एवं तिथि की सूचना बाद में निर्धारित होगी। दोनो छात्रों के चयन से विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं में अत्यधिक प्रसन्नता और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के सभी अध्यापको एवं विद्यालय के प्राचार्य दोनो छात्रों एवं उनके अभिभावकों को इस सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी, एवं आगामी प्रतियोगिताओं में सफल होने के लिए आशिर्वचन दिया।

### दो मामलों में आठ अभियुक्तों को जुर्माना

**बांदा।** पुलिस ने आपरेशन कन्विशन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए दो मामलों में वांछित आठ अभियुक्तों को 16 हजार रुपये का जुर्माना कराया। बिसंडा थाने में दर्ज अभियोग में चुनबदिया पुत्र किशन, श्यामलाल पुत्र मोतीलाल, रामदयाल पुत्र किशन, दुर्विजय पुत्र मोतीलाल, बिहारी पुत्र जागेश्वर, गौरीशंकर पुत्र रघुराज, रामरतन पुत्र मोतीलाल निवासी बिसंडा को 14 हजार रुपया और दूसरे मामले में अभियुक्त रामचंद्र पुत्र रामऔतार निवासी चौसड़ थाना बिसंडा को दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# किसानों ने पहाड़ी सहकारी समिति को बताया दलाली का अड्डा

### डीएम ने ली किसानों की बैठक



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा की जो भी शिकायतें आती है एक टीम बनाएं एवं टीम में शिकायतकर्ता को भी रखें यह सुनिश्चित कराए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जो पशु टीकाकरण से बचे हैं उनका टीकाकरण कराए, नहरों की सफाई के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई होने के पश्चात नहर का संचालन नियमानुसार किया जाना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि यह समय किसानों की खेती के लिए भूमि का पलेवा किया जाता है विद्युत की कटौती नहीं होनी चाहिए। किसानों ने पहाड़ी सहकारी समितियां में दलालों का अड्डा बताते हुए कहा आए दिन शिकायत होती है जिस पर जिला अधिकारी ने उप कृषि निदेशक, एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित किया कि तत्काल जाकर निरीक्षण करें एवं पाए जाने पर कार्रवाई करें सहकारी समितियां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पराली के संबंध में कहा कि माननीय उच्च न्यायालय का सख्त आदेश है कि कोई भी किसान पराली न जलाएं उन्होंने कहा कि पराली को गौशाला में देंकर बदले में गोबर की प्राप्त कर सकते हैं।

# 100 दिनी सत्याग्रह जारी है, 24 नवम्बर को 75 दिन पुरा हुआ।

## देश के अलग अलग राज्य से पहुंच रहे हैं सत्याग्रही, ये कैसी आजादी की अपनी विरासत को बचाने के लिए आंदोलन का रुख करना पड़े।

(अमानुल हक / वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**राजघाट (वाराणसी)।** गांधी विरासत को बचाने के लिए वाराणसी स्थित राजघाट परिसर के सामने चल रहे सत्याग्रह का आज 74 वां दिन है। स्वतंत्रता आंदोलन में विकसित हुए लोकतांत्रिक भारत की विरासत और शासन की मार्गदर्शिका- संविधान को बचाने के लिए 11 सितंबर (विनोबा जयंती) से सर्व सेवा संघ के आह्वान पर "न्याय के दीप जलाएं -100 दिनी सत्याग्रह जारी है जो 19 दिसंबर 2024 को संपन्न होगा। सत्याग्रह आज सर्व धर्म प्रार्थना के साथ अपने 74 वें पायदान पर पहुँच गया है। आज उपवास पर विश्वनाथ बैठे हैं। ये झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर शहर से 25 किलोमीटर दूर दलमा पहाड़ी से घिरे पटमदा प्रखंड के मोहुलबना गांव के निवासी है। विश्वनाथ छात्र- युवा संघर्ष वाहिनी से जुड़े रहे है। विश्वनाथ का जन्म 18 फरवरी 1996 को एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा अपने गांव में हुई है और बांगुड़दा उच्च विद्यालय से माध्यमिक की शिक्षा प्राप्त किया है। इसके बाद कोल्हान विश्वविद्यालय,चाईबासा से उच्च शिक्षा ग्रहण किया है। जयप्रकाश नारायण के विचारों से प्रभावित हो कर वे छात्र जीवन से ही छात्र- युवा संघर्ष वाहिनी से जुड़ गए। उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के दलमा परिक्षेत्र में पर्यावरण की खराब स्तिथि को देखते हुए वहां संचालित *स्टोन क्रेशर और ईंट भट्ठा को बंद करवाया एवं वहां के सड़क पर चलने वाले 100 हाइवा को भी बंद करवाया। (जो हेवी लोड करके वहां के सड़कों को बर्बाद कर देते थे) विश्वनाथ ने आर टी आई कार्यकर्ता के रूप में शिक्षा,स्वास्थ्य एवं जमीन घोटाला सम्बन्धी कई जानकारियों को उजागर किया और समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। झाड़खण्ड के क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए 5 निःशुल्क कोचिंग केंद्र चला रहे हैं। नवोदय में पढ़ने को इच्छुक छात्र-छात्राओं को साथियों के साथ मिलकर निशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाते है।मजदूरों के हक के लिए भी इन्होंने काम किया है। ठंड के समय आदिम जनजाति सबर बस्तियों के परिवारों के बीच कम्बल एवं बच्चों की पढ़ाई की लिए पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराते रहे है। प्रतिवर्ष होने वाले माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते आये हैं। कोरोना काल में पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाए हैं। वे क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते है। आज पटमदा- बोड़ाम क्षेत्र में जब भी किसी व्यक्ति को विषम परिस्थिति में रक्त की आवश्यकता होती है तो विश्वनाथ के द्वारा तुरंत रक्त उपलब्ध कराया जाता है। माचा सी एच सी एवं लावजोड़ा पी एस सी नए बने भवनों में अस्पताल चालू करवाने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन किया। फलस्वरूप अस्पताल सुचारू रूप से चल रहा है। विश्वनाथ कहते हैं कि गांधी एवं विनोबा भावे के विचार और दर्शन का स्वतंत्रता आंदोलन पर काफी प्रभाव पड़ा था। इनके विचारों से प्रभावित होकर देश के लोगों ने ब्रिटिश हुकूमत को बाहर कर दिया । 30 जनवरी 1948 को आजाद भारत में सनातनी हिंदू गोडसे महात्मा गांधी को गोली मार कर हत्या कर दी। जिस गांधी और विनोबा भावे के विचारों को देश के युवा आदर्श मानते है आज उसी गांधी विनोबा की विरासत को दफन करने के लिए केंद्र सरकार तुली हुई है। सरकार अपने अवैध करतूतों से सर्व सेवा संघ के भवनो को ध्वस्त कर जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहती है। हमारा सत्याग्रह उनके गलत इरादों का प्रतिवाद है। आज सत्याग्रह में उपवासकर्ता विश्वनाथ के अलावा राम धीरज, विद्याधर, प्रवीण वर्मा, महेंद्र कुमार, पंकज गौड़, शक्ति कुमार, झारखंड से मानिकचंद बेसरा, मुकुंद मुकद्दर, उड़ीसा से सत्यव्रत विश्वास तथा पश्चिम बंगाल से मनीषा बनर्जी, सिद्धार्थ मित्रा, गोपाल मांडी ,रूनी खातून आदि शामिल रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से आठ झुग्गियां जलकर खाक



**कोलकाता ।** दक्षिण कोलकाता के कंकुलिया में शुक्रवार शाम आग लग जाने के कारण कम से कम आठ झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दमकल की सात गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर लगी, जिसमें किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जाना अभी बाकी है।

### भिवंडी के कबाड़ गोदाम के परिसर में लगी आग



**मुंबई ।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में एक कबाड़ गोदाम परिसर में आग लग गई। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि फातिमा नगर इलाके में कबाड़ के गोदाम के परिसर में शाम करीब 4.45 आग लगी थी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद भिवंडी-निजामपुर सिटी नगर निगम (बीएनएमसी) की तीन और कल्याण-डोंबिवली नगर निकाय की एक दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया। तड़वी ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

### दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत



**बिजनौर ।** बिजनौर जनपद के नहटौर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में एक ही परिवार के दो बच्चो व दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार रात थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सुल्तान (35) पुत्र असरफ अली अपनी पत्नी गुलअफ्सा (28), पुत्री अनादिया (8 दिन), अलिशा (6), पुत्र शाद (5), बहन चांद बानो (35) और भांजी अदिबा (14 ) के साथ नजीबाबाद थाना क्षेत्र में मेला देखने गया था। रात करीब 11 बजे वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान परिवार हादसे का शिकार हो गया।



# दिल्ली में ग्रैप-4 प्रतिबंध हटेंगे या नहीं, सुप्रीम कोर्ट फैसला लेगा

- सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेप के प्रतिबंधों को लागू करने में ढिलाई पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार
- भारी वाहनों के प्रवेश का मांगा ब्योरा, दिल्ली में प्रवेश के सभी 113 मार्गों पर बनेगी पुलिस पोस्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति भले ही पहले के मुकाबले थोड़ी सुधरी है, लेकिन अभी भी यह जिस तरीके से खतरनाक श्रेणी में बनी हुई है, उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल ग्रेप- 4 ( ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ) को जारी रखने का फैसला लिया है। साथ ही कहा है कि वह सोमवार यानी 25 नवंबर को वायु प्रदूषण की स्थिति को जांचेगा और यह देखेगा कि ग्रेप-4 के प्रभावी ढंग से लागू किया गया था या नहीं। उसके बाद ही ग्रेप-4 को हटाने या ना हटाने को लेकर कोई निर्णय लेगा।

## दिल्ली सरकार और पुलिस को फटकार

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अभय एस. ओका और ए.जार्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण पर शुक्रवार को फिर सुनवाई की। साथ ही दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि ग्रेप-4 के प्रतिबंधों के तहत जब दिल्ली में भारी वाहनों को प्रवेश नहीं हो सकता है तो फिर वाहनों का कैसे प्रवेश हो रहा है।

### ढिलाई बरतने पर कोर्ट ने जताई नाखुशी

कोर्ट ने ग्रेप-4 के प्रतिबंधों को लागू करने में बरती गई ढिलाई पर नाखुशी जताई। कोर्ट ने इसके साथ ही दिल्ली में प्रवेश के सभी 113 रास्तों पर दिल्ली पुलिस को चौकी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही इनमें भारी वाहनों के प्रवेश के 13 मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग और ब्योरा मांगा।

### राज्यों की भी जिम्मेदारी

कोर्ट में इस दौरान पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाए जाने का भी मुद्दा उठा। इस पर कोर्ट ने केंद्र से इसका ब्योरा देने को कहा। साथ ही राज्यों से कहा कि वायु प्रदूषण को थामने की जिम्मेदारी अकेले केंद्र की ही नहीं बल्कि राज्यों को भी इस दिशा में आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। वायु प्रदूषण के मामले को सुनते समय कोर्ट तब नाराज हुआ, जब उसे बताया गया कि ग्रेप-4 लगे होने के बाद भी दिल्ली में भारी वाहनों के धडल्ले से प्रवेश जारी रखा। वैसे भी दिल्ली-एनसीआर में होने वाले प्रदूषण में करीब 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों से होने वाले प्रदूषण की मानी जाती है।

हाइपरसोनिक मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन का आदेश दिया

# बड़े पैमाने पर हाइपरसोनिक मिसाइलों का उत्पादन करेगा रूस, राष्ट्रपति पुतिन ने दी हरी झंडी

- रूस ने यूक्रेन के शहर डीनिप्रो पर नई पीढ़ी की मिसाइल दागी
- पुतिन ने कहा कि अन्य देश के पास ऐसी मिसाइल तकनीक नहीं

एजेंसी, मॉस्को

### बैलिस्टिक मिसाइल (एमआरबीएम) का परीक्षण किया

इसके बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर हमले में एक नई मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एमआरबीएम) का परीक्षण किया। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा, 'मुख्य संदेश यह है कि पश्चिमी देशों को यूक्रेन को मिसाइल आपूर्ति करने और रूसी क्षेत्र में हमलों में शामिल होने पर रूस की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

### यूक्रेन पर हाइपरसोनिक मिसाइल हमला पश्चिम को चेतावनी: रूस

रूस ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन पर हमले में इस्तेमाल की गई नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल पश्चिम के लिए चेतावनी थी। अगर वे यूक्रेन के समर्थन में किसी तरह की लापरवाह कार्रवाई करते हैं तो मास्को उन्हें करारा जवाब देगा। एक दिन पहले यूक्रेन ने दावा किया था कि रूस ने यूक्रेनी शहर निप्रो पर गुरुवार को लंबी दूरी की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) दागी।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अब नए मोड़ ले रहा है। राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में उपयोग के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन का आदेश दिया है। यूक्रेन पर मिसाइल दागने के एक दिन बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा था कि मॉस्को युद्ध की स्थिति में हाइपरसोनिक ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल के और परीक्षण करेगा। पुतिन ने सैन्य प्रमुखों के साथ एक टेलीविजन बैठक में कहा कि रूस पर सुरक्षा खतरों की स्थिति और प्रकृति के आधार पर, हम युद्ध स्थितियों सहित इन परीक्षणों को जारी रखेंगे। रूस ने लगभग तीन साल के संघर्ष में तैनात किए जा रहे हथियारों की एक बड़ी वृद्धि में गुरुवार तड़के यूक्रेन के शहर डीनिप्रो पर नई पीढ़ी की मिसाइल दागी। क्रेमलिन के मुखिया ने ऐसी मिसाइल के परीक्षण को हरी झंडी है जिसमें मिसाइल 10 मैक की गति से उड़ती है। ध्वनि की गति से 10 गुना, इसी तरह की मिसाइल के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए कहा है।उन्होंने कहा रूस इसी तरह की उन्नत प्रणाली विकसित कर रहा है। हमें बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने की जरूरत है।



### अन्य देश के पास ऐसी मिसाइल तकनीक नहीं

उन्होंने कहा कि जिस हथियार प्रणाली का कल परीक्षण किया गया वह रूस की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की एक और विश्वसनीय गारंटी है। पुतिन ने दावा किया कि दुनिया के किसी अन्य देश के पास ऐसी मिसाइल तकनीक नहीं है। हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि अन्य राज्य जल्द ही इन्हें विकसित करेंगे, उन्होंने कहा कि यह कल होगा, एक या दो साल बाद। लेकिन हमारे पास अभी यह प्रणाली है। यह महत्वपूर्ण है। यूक्रेन ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार को हमले में इस्तेमाल की गई रूसी मिसाइल 13,000 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति तक पहुंची थी। इसे लक्ष्य तक पहुंचने में महज 15 मिनट लगा था। उसने पहली बार इस नए हथियार का आकलन सार्वजनिक किया। इधर, रूस की ओर नई बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती के चलते युद्ध बढ़ने की आशंका गहरा गई है। इसके मद्देनजर यूक्रेन की संसद ने शुक्रवार को अपना सत्र रद कर दिया। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूस की ओर से 114 ड्रोन से हमला किया गया। इनमें से 64 को मार गिराया गया। जबकि रूस ने बताया कि यूक्रेन ने 46 रूसी नागरिकों को सौंप दिए। इन लोगों को गत अगस्त में यूक्रेनी सेना द्वारा रूस के कुर्स्क क्षेत्र के एक हिस्से पर कब्जा करने के बाद अपने साथ ले जाया गया था।

## मंत्रियों-विधायकों के घरों पर हमले के सात आरोपी गिरफ्तार



**इंफाल ।** मणिपुर पुलिस ने जनप्रतिनिधियों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन्हें पिछले दो दिनों में गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस बीच कहा कि प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और लूटपाट की घटना में शामिल लोगों की पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 16 नवंबर को प्रदर्शनकारियों ने छह लापता व्यक्तियों के शव मिलने के बाद तीन राज्य मंत्रियों और छह विधायकों के आवासों पर हमला किया था। मणिपुर के जिरिबाम जिले में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अपहरण कर मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। इनमें मैतेई समुदाय की तीन महिलाएं और तीन बच्चे थे। पिछले दिनों जिरिबाम से अपहृत बंधकों के शवों को शनिवार को ही उनके परिवारों को सौंपे गए।

# क्या राहुल गांधी शीत सत्र में मोदी की सरकार गिरा देंगे

अमेरिकी अदालत के फैसले में लिखा है रिश्वत दी या रिश्वत की पेशकश की। यानि अमेरिकी अदालत ने हवा में तीर चला दिया।



इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



मोदी के दोस्त अडानी के खिलाफ अमेरिका में एक केस दायर हुआ है। उनके खिलाफ वारंट जारी हुए हैं। यह घटनाक्रम भारत की संसद के शीत सत्र शुरू होने से पांच दिन पहले हुआ है।25 नवंबर से शीत सत्र शुरू हो रहा है।राहुल गांधी को हंगामा खड़ा करने का मुद्दा मिल गया है।या दूसरे शब्दों में कहें, तो राहुल गांधी खुद इस साजिश में शामिल हैं।ऐसा क्या है कि अडानी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जग्गन मोहन रेड्डी को रिश्वत दी, और मुकद्दमा अमेरिका में दर्ज हुआ। वैसे अमेरिकी अदालत ने भी कथित रिश्वत की बात कही है।अदालत के फैसले में लिखा है रिश्वत दी या रिश्वत की पेशकश की। यानि अमेरिकी अदालत ने हवा में तीर चला दिया।राहुल गांधी ने यह मुकद्दमा भारत की किसी अदालत में दर्ज क्यों नहीं करवाया। आखिर अडानी और जग्गन मोहन रेड्डी दोनों ही उनके दुश्मन हैं। अमेरिका इतना उतावला क्यों हुआ। भारत में कथित रिश्वत पर वारंट जारी नहीं हो सकता। जिम्मेदार एजेंसियां जांच करती हैं, तलब करती हैं, पूछताछ करती हैं, सबूत सामने आए, तब जाकर गिरफ्तारी होती है। लेकिन अमेरिकी अदालत ने सिर्फ आरोपों पर सीधे वारंट जारी कर दिए। इस के पीछे के षड्यंत्र कोसमझना बहुत जरूरी है। यह भारत को आर्थिक रूप से तबाह करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। जिसमें राहुल गांधी अंतर्राष्ट्रीय साजिश का टूल बन गए हैं। यह एक झटके में कैसे हो जाता है कि अमेरिका से आई आधी अधूरी खबर के बाद राहुल गांधी सक्रिय हो जाते हैं, अडानी की गिरफ्तारी और जेपीसी की मांग करने लगते हैं। क्या राहुल गांधी, जार्ज सोरोस औरअमेरिका के राष्ट्रपति बिडेन मिल कर बड़ा खेल खेल रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनेंगे, तब तक मोदी विरोधी जार्ज सोरोस और बाईडेन की सरकार चलेगी। आखिर इन दोनों की मोदी से दुश्मनी क्या है। इसे समझना बहुत जरूरी है।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में दबदबा अमेरिका को पसंद नहीं आ रहा।मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास को अमेरिका भविष्य की चुनौती के रूप में देखता है।डेमोक्रेट्स के मन में यह बात बहुत गहरे से बैठ गई है कि ट्रंप की जीत में मोदी का भी हाथ है। तभी मोदी ने ट्रंप को जीतने पर बिलकुल अलग तरह से बधाई दी। जो बाईडेन प्रशासन ने भारत के चुनावों में भी दखल देने की कोशिश की थी। अमेरिका से राहुल गांधी को हर तरह की मदद पहुंचाई गई थी।लाख कोशिश करके भी मोदी को हराने में विफलता राहुल गांधी को पच नहीं रही। वह मोदी को अपने रास्ते का सब से बड़ा काँटा मानते हैं।अडानी का दुनिया भर में बढ़ता आर्थिक साम्राज्य जार्ज सोरोस की आँखों में किरकिरी की तरह चुभ रहा है।इस तरह मोदी के खिलाफ यह अन्तरराष्ट्रीय तिकड़ी बन गई है। इसी लिए भारत और मोदी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची है।अब आखिर में यह समझना भी जरूरी है कि भारत में कथित रिश्वत का मुकद्दमा अमेरिका में दाखिल कैसे हो गया। ग्रीन अनर्जी को लेकर अडानी की ग्रीन एनर्जी कंपनी और अमेरिका में रजिस्टर्ड अजूर पावर ग्लोबल लिमिटेड नाम की भारतीय ग्रीन एनर्जी कंपनी साझेदार हैं।दोनों ने साझेदारी में भारत की सोलर एनर्जी कारपोरेशन आफ इंडिया के साथ ग्रीन एनर्जी बेचने का करार किया। लेकिन सोलर एनर्जी कारपोरेशन आफ इंडिया को खरीदार नहीं मिल रहे थे। इअलिए आरोप यह है कि अडानी और अजुर ने मिल कर राजस्थान, छतीसगढ़, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडू की राज्य सरकारों पर सोलर एनर्जी कारपोरेशन आफ इंडिया से ग्रीन एनर्जी खरीदने का दबाव बनाया , और उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों को रिश्वत देने की पेशकश की।अब जिस समय की यह बात है, उस समय दो राज्यों राजस्थान और छतीसगढ़ में कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उड़ीसा और आंध्र को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में भी इंडी एलायंस के ही मुख्यमंत्री थे।जिक्र आया कि अडानी खुद जग्गन मोहन रेड्डी से मिले थे, उसके बाद जग्गन मोहन रेड्डी ने ग्रीन एनर्जी खरीदने के लिए केबिनेट से प्रस्ताव पास करवाया। सवाल यह है कि आंध्र और जग्गन मोहन रेड्डी का जिक्र क्यों आया। राजस्थान और अशोक गहलोत का जिक्र क्यों नहीं आया। या छतीसगढ़ और भूपेश बघेल का जिक्र क्यों नहीं आया।भाजपा का मुख्यमंत्री तो किसी राज्य में नहीं था।तो फिर नरेंद्र मोदी और भाजपा कैसे कटघरे में खडी होती है। यहीं से स्पष्ट होता है कि यह भारत को कमजोर करने का खेल है, जिसमें राहुल गांधी अमेरिका का टूल बने हैं।यह केस अमेरिका में इसलिए दाखिल हो गया क्योंकि अडानी ने 2021 में बांड जारी किए थे, जिसमें अमेरिकनों ने भी भारी मात्रा में बांड खरीदे थे। इसलिए अमेरिका की प्रतिभूति और विनिमय आयोग से केस दायर करवाया गया।

दिल्ली के हर निवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व पर जोर दिया

# अमित शाह ने की दिल्ली में कानून-व्यवस्था की समीक्षा

- दिल्ली में बीते दिनों हुई वारदातों को लेकर गृह मंत्री ने नाराजगी जताई
- गृहमंत्री ने कमिश्नर से साफ कहा कि दिल्ली की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक मीटिंग भी की। सूत्रों ने मुताबिक दिल्ली में बीते दिनों हुई वारदातों को लेकर गृह मंत्री ने नाराजगी जताई। अमित शाह ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए कि दिल्ली की जनता सड़कों पर खुद को सुरक्षित महसूस करे, इसके लिए जो उपाय करना है वो दिल्ली पुलिस करे। गृहमंत्री ने कमिश्नर से साफ कहा कि दिल्ली की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है। अपराधियों पर पूरी लगाम कसी जाए, लेकिन जनता के बीच दिल्ली पुलिस की इमेज शानदार रहे।




## 'जनता का विश्वास सुनिश्चित करना पुलिस का जिम्मा'

अधिकारियों ने बताया कि अमित शाह ने दिल्ली के हर निवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही कहा कि शहर की सुरक्षा में जनता का विश्वास सुनिश्चित करना हर पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### अपराध के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति

बैठक के दौरान गृहमंत्री ने अपराध के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दिया और कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमित शाह ने पुलिस को सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए विशेष कार्ययोजना बनाने और केंद्रित अभियान शुरू करने का निर्देश दिया।

## उत्तरी तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना

**चेन्नई ।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने 27 और 28 नवंबर को राज्य की राजधानी चेन्नई सहित उत्तरी तमिलनाडु के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, यह वर्षा बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में बने निम्न दबाव के कारण होगी। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मौसम प्रणाली के शनिवार को विकसित होने की संभावना है और अगले दो दिनों में यह डिप्रेशन में बदल सकती है, जिससे भारी बारिश होने की संभावना बन रही है। आरएमसी ने स्पष्ट किया कि इस मौसम के चक्रवाती तूफान में विकसित होने की उम्मीद नहीं है। विभाग के बयान में कहा गया है कि थोड़े समय के सूखे के बाद उत्तरी तमिलनाडु में बारिश वापस आ रही है। पूर्वानुमान में 27 और 28 नवंबर को 24 घंटों के भीतर 6 से 12 सेमी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। 26 नवंबर को कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में भारी बारिश की उम्मीद है।

इस्राइल ने बेरूत पर फिर किया हवाई हमला

# आठ मंजिला आवासीय इमारत को बनाया निशाना, चार लोगों की मौत



एजेंसी, यरुशलम/बेरूत

बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। इस बीच, एक बार फिर हमले तेज हो गए हैं। इस्राइल ने शनिवार तड़के मध्य बेरूत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। सुरक्षा सूत्रों ने कहा, इस्राइल ने ईरान समर्थक हिजबुल्ला समूह के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हमले से लेबनान की राजधानी बुरी तरह से हिल गई। वहीं, लेबनानी मीडिया ने बताया कि इस्राइल के विमानों ने बस्ता क्षेत्र में स्थित पांच मिसाइलों से आठ मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए और 33 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बेरूत में तड़के करीब चार बजे कई शक्तिशाली विस्फोट हुए। दो सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि हमले में कम से कम चार रॉकेट दागे गए।

### एंबुलेंसों के सायरन की आवाज गूंजी

बेरूत के बस्ता इलाके में विस्फोट स्थल पर एंबुलेंसों के पहुंचने के दौरान सायरन की आवाज सुनी जा सकती थी। मीडिया चैनलों द्वारा जारी फुटेज में कम से कम एक नष्ट इमारत दिखाई गई और कई अन्य बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा इस्राइल

इस्राइल अब फलस्तीन के गाजा पट्टी में हमास के साथ-साथ ही उसके सहयोगी हिजबुल्ला से भी जंग कर रहा है। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने अचानक इस्राइल में घुसकर हमला कर बड़ी संख्या में नरसंहार किया था। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने हमला किया। इस बीच, लेबनान का संगठन हिजबुल्ला ने भी गत दिनों इस्राइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।

## नेतन्याहू को लगा एक और बड़ा झटका

**गाजा ।** हमास ने एक बड़ा दावा किया है। उसने कहा कि उसके सैन्य ब्रिगेड अल-कस्साम के लड़ाकों ने उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में लगभग 15 इजरायली सैनिकों को मार गिराया है। एक प्रेस बयान में अल-कस्साम ब्रिगेड ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इजरायली पैदल टुकड़ी को निशाना बनाया है। इसके अलावा उत्तरी गाजा के जबालिया कैंप के पश्चिम में सफतावी क्षेत्र के पास एक इजरायली मर्कवा टैंक को भी निशाना बनाया गया है। यह जानकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने दी है। उधर, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट की सशस्त्र शाखा अल-कुद्स ब्रिगेड का कहना है कि उसने सेंट्रल जाबालिया कैंप में जाबालिया सर्विसेज क्लब के पास इजरायली सैनिकों और वाहनों के जमावड़े को 60 मिमी मोर्टार के गोले से निशाना बनाया। हालांकि इजरायली सेना ने इन हमलों के संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। नीदरलैण्ड के विदेश मंत्री वेल्डकैंप ने बेंजामिन नेतन्याहू के गिरफ्तारी वारंट के बाद अपना इजरायली दौरा रद कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने मंत्री के हवाले से कहा कि यात्रा रद करने का फैसला आपसी सहमति से लिया गया है। वेल्डकैंप आने वाले दिनों में इजरायल की यात्रा करने वाले थे। हालांकि सटीक तारीखों का खुलासा नहीं किया गया था। मगर रिपोर्ट्स बताती हैं कि वेल्डकैंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की संभावित गिरफ्तारी का संकेत देने वाली अपनी टिप्पणी के बाद यात्रा रद की है।

संपादकीय

# अडानी और विवाद

**गौतम** अडानी की वजह से कई देशों में रायताा फैल चुका है। 2017 में अडानी एन्टरप्राइजेज को ऑस्ट्रेलिया में क्वीन्सलैंड के कारमाइकल कोल माइन का ठेका मिलना था। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी कोयला खदान है। अदानी को कॉन्ट्रैक्ट देने के विरोध में लोग सड़कों पर उतर गए थे। क्वीन्सलैंड में 45 दिनों तक 'स्टॉप अदानी' आंदोलन चला था। ऑस्ट्रेलिया में अडानी समूह को लेकर आरोप था कि पर्यावरण से जुड़े नियमों की अनदेखी की गई थी। जून 2022 में श्रीलंका के सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अध्यक्ष ने संसदीय समिति के सामने ये बयान दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देश में एक बिजली परियोजना अदानी समूह को दिलवाने के लिए राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे पर 'दबाव' बनाया था। संसदीय समिति के सामने फर्डिनांडो को ये कहते सुना जा सकता है, राजपक्षे ने मुझे बताया था कि वो मोदी के दबाव में हैं। भारत के अंग्रेजी बिजनेस दैनिक बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक हाल ही में बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने अदानी समूह के इलेक्ट्रिसिटी से जुड़े सभी समझौते की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया था। 2007 में अडानी पावर ने झारखंड के गोड्डा में एक पावर प्लांट बनाया था और यहां से बांग्लादेश बिजली की आपूर्ति के समझौता हुआ था।

**गौतम अडानी ने पूरी दुनिया को भारत समझ लिया लगता है, जहां वे कुछ भी करते रहेंगे, कोई कुछ नहीं बोलेगा। भारत में अडानी कुछ भी करते रहें, उन पर कार्रवाई नहीं होती।**

अदानी के इस समझौते को लेकर बांग्लादेश और झारखंड की सरकारों ने कई तरह की आपत्ति जताई थी। 2021 में अदानी पोर्ट्स ने म्यांमार के यांगून में एक कॉन्टेनर टर्मिनल बनाने की योजना भी जांच के दायरे में आ गई थी, क्योंकि म्यांमार की सेना से लीज पर जमीन ली गई थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी आलोचना होने लगी थी कि म्यांमार की सेना मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रही है और अदानी उससे समझौते कर रहे हैं। सितंबर 2024 में कीनिया के नैरोबी एयरपोर्ट पर वहां के सैकड़ों कामगारों ने कीनिया एयरपोर्ट अथॉरिटी और अदानी ग्रुप में हुए समझौते का विरोध किया था। अदानी ग्रुप को नैरोबी एयरपोर्ट 30 साल के लिए संचालन की ज़िम्मेदारी मिलनी थी। नैरोबी में कामगारों की चिंता थी कि अदानी को ज़िम्मेदारी मिलने के बाद कहीं उनकी नौकरी ना चली जाए। भारत में हर जगह अदाणी नजर आते हैं। ऐसा लगता है कि गौतम अडानी ने पूरी दुनिया को भारत समझ लिया है, जहां वे कुछ भी करते रहेंगे, कोई कुछ नहीं बोलेगा। यह तय है कि भारत में गौतम अडानी कुछ भी करते रहें, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। जब तक नरेंद्र मोदी हैं, अदाणी सेफ हैं। शायद तभी मोदी कहते हैं-एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

# अडानी समूह की जांच क्यों नहीं?



शाहीन सबा

अब सामने आ रहा है कि अडानी समूह अमेरिकी जनता (छोटे निवेशकों) के पैसे से भारत में जिन अफसरों को घूस खिला रहा था, वह आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ के हैं। शायद इसीलिए मोदी सरकार इस पर चुप्पी बनाए है, क्योंकि जिस दौर में घूसखोरी हुई, दोनों जगह गैर बीजेपी शासन था। यह सभी जानते हैं कि गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य को न्यूयॉर्क में महंगे सौर ऊर्जा खरीदने और इसे अमेरिकी निवेशकों से छिपाने के लिए 265 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी के लिए आरोपी ठहराया गया है। इन आरोपों के बाद अडानी समूह के शेयर नीचे गिर गए और समूह के बाजार मूल्य से लगभग 27 बिलियन डॉलर का सफाया हो गया। कांग्रेस और कई विपक्षी दल लंबे समय से अडानी को मोदी सरकार के अवांछित लाभ को ले कर आरोप लगाते रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि जो राजनीतिक दल भ्रष्टाचार और लोकपाल को ले कर राजनीति में आया, केजरीवाल और उनकी टीम सारे मामले में मौन हैं।

इंडिया गठबंधन अडानी के खिलाफ 'वारंट जारी' होने के बाद समूह के कामकाज की जेपीसी जांच की आवश्यकता को दोहरा रहा है। हालांकि, अडानी समूह ने अमेरिकी आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि वह कानूनी सहारा लेगी। अरबपति गौतम अडानी पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपये) रिश्वत देने की एक गहरी साजिश का साझेदार होने का आरोप लगा है। यदि अडानी समूह इस मामले में फंसा रहा और अमेरिकी अदालत के सामने पेश नहीं हुआ तो इस समूह के अमेरिका में निवेश जुटाने से ले कर कंपनी के पानी के जहाज यात्राओं को प्रतिबंधित किया जा सकता है। अडानी और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य लोगों पर अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा में राज्य सरकारों के अज्ञात अधिकारियों को महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए रिश्वत देने का मुकदमा दर्ज किया है।



**इस बात के लिए सतर्क रहना चाहिए कि कभी हामरे देश की सभी संरचनाएं किसी एक घराने के हाथों में आ जाएं , वरना के नए ईस्ट इंडिया कंपनी का खतरा सदा बना रहेगा। ऐसे में जब दुनियाभर से आरोपों की झड़ी है तो सभी मामलों की सर्वदलीय जांच करवाना सरकार की छबि के लिए ही सकारात्मक कदम होगा।**

अमेरिका की जांच एजेंसी ने 2022 में इस मामले की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि अडानी समूह ने फर्म की रिश्वतखोरी विरोधी प्रथाओं और नीतियों से संबंधित झूठे और भ्रामक बयानों के आधार पर अमेरिकी फर्मों से 2 बिलियन अमरीकी डालर के कर्जे और बांड जुटाए। अभियोग के अनुसार, अडानी ग्रीन एनर्जी को 2021 में सरकारी स्वामित्व वाले सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को 8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए ठेका मिला था। नई दिल्ली स्थित एज्योर पावर, जिसके अधिकारियों को भी मामले में कनाडाई सार्वजनिक पेंशन निधि प्रबंधक सीडीपीक्यू के पूर्व निष्पादकों के साथ नामित किया गया है, ने इसी तरह की 4 गीगावॉट का ठेका पाया था । एसईसीआई को अडानी और एज्योर के साथ अनुबंधित कीमतों पर बिजली के खरीदार ही नहीं मिले। अडानी ने 2021 और 2022 में व्यक्तिगत रूप से सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार एसईसीआई के साथ बिजली बिक्री समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए रिश्वत की पेशकश की।

घूस लेने के बाद आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ में बिजली वितरण कंपनियों ने एसईसीआई के साथ समझौते किए। अमेरिकी आरोप पत्र में कहा गया है कि कि आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को प्रति मेगावाट 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया था, जिसके बाद राज्य एसईसीआई से 7,000 मेगावाट (7 गीगावॉट) सौर ऊर्जा खरीदने के लिए सहमत हो गया। ओडिशा ने इसी तरह 500 मेगावाट बिजली खरीदी। इन्हीं तथ्यों के आधार पर यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने गौतम और सागर अडानी और एज्योर पावर के एक कार्यकारी पर 'संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों को लागू करने' का आरोप लगाया है। जैसे ही यह मामला सामने आया, अडानी समूह की कंपनियों को एक दिन में बाजार मूल्य में लगभग 27 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

जब अमेरिका का विवाद चर्चा में था तभी केन्या की संसद में अडानी के सभी प्रोजेक्ट निरस्त करने की घोषणा हुई और वहां भी आरोप लगभग ऐसे ही हैं। हुआ यूं कि 10 सितंबर 2024 को केन्या के उच्च न्यायालय ने हितधारकों की आलोचना के बाद अडानी समूह की एक परियोजना पर रोक लगा दी थी। इनमें से एक मुख्य हवाई अड्डे को विस्तार के बदले 30 वर्षों के लिए हवाई अड्डे को पट्टे पर देने की योजन थी। अदालत ने पाया कि इससे करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग होगा, साथ ही स्थानीय लोगों के सामने रोजगार का संकट होगा, अदालत ने इस समझौते को ही संदिग्ध माना था। इसके ठीक एक महीने बाद, अदालत ने केन्या राज्य-इलेक्ट्रिकल ट्रांसमिशन कंपनी (केईटीआरएसीओ) और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के बीच 736 मिलियन डॉलर के एक और सौदे को और निलंबित कर दिया। इस परियोजना में घूसखोरी और केन्या के संविधान के विपरीत समझौते की बात थी। फिर 21 नवंबर 2024 को केन्या की संसद ने दोनों समझौतों को निरस्त करने की घोषणा कर दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलेंड में कोयले की खदानों के ठेके, म्यांमार में पोर्ट और बांग्लादेश से भुगतान न मिलने पर बिजली सप्लाई रोकने जैसे मामलों में अडानी समूह दुनिया में संदिग्ध हो गया है। पिछले साल सामने आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट में भी टैक्स बचाने के लिए कतिपय देशों से पूंजी को घुमा कर देश में लाने के आरोप अडानी पर लग चुके हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि बड़े व्यापारिक घराने हमारे देश की आर्थिक संपन्नता और रोजगार के प्रमुख स्त्रोत होते हैं। पूर्ववर्ती सभी सरकारें कतिपय ऐसे घरानों को सहयोग करती रही हैं, लेकिन इस बात के लिए सतर्क रहना चाहिए कि कभी हामरे देश की सभी संरचनाएं किसी एक घराने के हाथों में आ जाएं , वरना के नए ईस्ट इंडिया कंपनी का खतरा सदा बना रहेगा। ऐसे में जब दुनियाभर से आरोपों की झड़ी है तो सभी मामलों की सर्वदलीय जांच करवाना सरकार की छबि के लिए ही सकारात्मक कदम होगा।

पाठकवाणी

### वायु प्रदूषण ज्वलंत समस्या

**ठंड** के मौसम के आते ही दिल्ली के साथ, अन्य शहरों में भी प्रदूषण का प्रकोप शुरू हो जाता है। वायु गुणवत्ता सूचकांक मे होती लगातार बढ़ोतरी ने आमजन के साथ-साथ, खासजन को भी सांस लेने में परेशानियां पैदा करना शुरू कर दिया है। वायु प्रदूषण मुद्दे का समाधान ना निकलने का कारण, आपसी सहमति ना बनने और ईमानदार प्रयासों की कमी के चलते नहीं हो पा रहा है। भूमि प्रदूषण की ओर भी ध्यान देना होगा, केवल पेड़-पौधे लगाने से इसका समाधान नहीं हो सकता है।

-**नरेश कानूनगो 'शोभना'**, देवास, मध्य प्रदेश

### यूपी के उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल

**उत्तर** प्रदेश की नौ विधानसभा के उप चुनाव सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गए हैं सत्ता पक्ष और विपक्ष ने भी इन चुनावों को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। सपा के द्वारा भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के सहयोग से चुनाव में धांधली की जाने के आरोप भी लगे हैं। इन चुनाव में हिंसा भी देखने को मिली है और चुनाव आयोग ने पांच पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड भी किया है। सपा ने नए सिरे से अर्ध सैनिक बलों की देखरेख में चुनाव कराए जाने की मांग की है। यदि इन चुनाव में बीजेपी हारती है तो राज्य सरकार में बड़े बदलाव की भी आशंका बढ़ेगी।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



जिस अडानी ने देश का नाम बदनाम किया उसको बचाने के लिए भाजपा क्यों कूद पड़ी है? केन्या अडानी के साथ डील रद्द कर रहा है, बांग्लादेश, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया जांच कर रहे हैं, अमेरिका ने दो साल जांच के बाद आरोप गढ़ दिए। बस भारत में सब हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे!

-**सुप्रिया श्रीनेत**, कांग्रेस प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''केन्या के राष्ट्रपति ने भरी संसद में अडानी के सारे प्रोजेक्ट रद्द किए संसद में सबने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया द्व कई सांसद खुशी में नाचने लगे।''

-**रणविजय सिंह**

साइबरवर्ल्ड

## चुनाव आयोग पर अविश्वास क्यों

**जब** जब भी चुनाव आते हैं, चुनाव आयोग को लेकर एक बार फिर पूरा देश संदेह के बादलों से घिर जाता है। अभी भी उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ जिस तरह अल्पसंख्यक मतदाताओं को जबरिया वोट डालने से रोका गया और जिस तरह से महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने 10 लाख वोट बढ़ा दिए, यह सच है 6:00 बजे के आंकड़े के बाद मत प्रतिशत बढ़ता है, लेकिन 10 लाख वोट बढ़ जाना आश्चर्य पैदा करता है। यहां तक भी ठीक है। कल जब वोट गिने जाएंगे, तब कितने वोट गिने जाएंगे, इसको लेकर भी लोग सवाल कर रहे हैं। सुप्रीमकोर्ट के सुप्रीम फैसले में यह कहां गया था कि यदि कोई उम्मीदवार परिणाम से संतुष्ट नहीं है तो 8 दिन के अंदर वह प्रतिभूत धनराशि जमा कराकर वीवी पेट का क्रॉस वेरिफिकेशन कर सकता है। लेकिन आश्चर्यजनक खबर है, आंध्र प्रदेश के संदर्भ में एक क्षेत्र में जब इसी तरह उम्मीदवार ने 8 दिन के अंदर रकम जमा करा कर क्रॉस वेरिफिकेशन करना चाहा तो चुनाव आयोग ने कहा आयोग क्रॉस वेरिफिकेशन नहीं करेगा, बल्कि मार्क पोल करके बता देगा मशीन सही है, पुराने डाटा नहीं बताएगा। यह सिर्फ एक घटना ही नहीं है। मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ खड़े हुए बुद्धि राजा ने भी यह पैसे जमा कराए थे, लेकिन वहां की भी क्रॉस चेकिंग नहीं कराई गई। अभी हरियाणा के 20 प्रतिशत उम्मीदवारों ने रिट पिटीशन लगाई है और पांच चुनाव क्षेत्र में बूथ वाइज इंगित कर कर क्रास चेकिंग के लिए उम्मीदवारों ने पैसे भी जमा कराए हैं। सवाल है चुनाव आयोग दाएं बाएं क्यों होता है? फार्म 17 अपलोड नहीं करेंगे। वोट क्यों बढ़ते हैं, काउंटिंग के समय इसका कोई वेरिफिकेशन नहीं है। अब वीवी पेट की क्रास चेकिंग को लेकर कोर्ट के आदेश और पैसे जमा करने के बाद भी इस तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। क्या आप आज आने वाले परिणामों पर इस परिस्थिति में भरोसा कर पाएंगे यह बड़ा सवाल है। मैं जानता हूं बड़ी चतुराई से यह तंत्र खेल करता है, इसलिए किसी एक राज्य में विपक्ष को चुनाव जिताया भी जा सकता है, जिससे विश्वसनीयता बनी रहे।

-**प्रमोद जैन पिंटू** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## मृत्यु के संदेश



**एक** व्यक्ति जिसे मृत्यु से बड़ा भय लगता था, ने बड़ी चतुराई से काल को ही अपना मित्र बना लिया। उसने अपने मित्र काल से कहा, मित्र, तुम किसी को भी नहीं छोड़ते हो, किसी दिन मुझे भी अपने साथ ले जाओगे। काल ने कहा, ये मृत्यु लोक है। जो आया है उसे मरना ही है। व्यक्ति ने कहा, मित्र मैं इतना ही चाहता हूं कि आप मुझे ले जाने से कुछ दिन पूर्व सूचना जरूर देना। ताकि मैं सब प्रबंध कर, भजन बंदगी शुरू कर दूं। आखिर मृत्यु की घड़ी आ पहुंची। काल बोला, मित्र समय पूरा हुआ मेरे साथ चलिए। उस व्यक्ति के माथे पर बल पड़ गए, कहने लगा, धिक्कार है तुम्हारे जैसे मित्रों पर! तुमने मुझे वचन दिया था कि आने से पूर्व सूचना दोगे। परंतु तुम तो बिना किसी सूचना के अचानक लेने आ गए। काल हंसा और बोला, मित्र इतना झूठ तो न बोलो। मैंने आपको एक नहीं चार संदेश भेजे। मेरे चारों संदेश इस समय आपके पास मौजूद हैं। आपके काले से सफेद हुए बाल, आपके नेत्रों की मंद ज्योति। दो मिनट भी संसार की ओर से आंखें बंद करके, ज्योतिस्वरूप प्रभु का ध्यान नहीं किया। मेरा तीसरा संदेश, तुम्हारे गिरे हुए दांतों के रूप में आया। अपने अंतिम संदेश के रूप में मैंने रोग और पीड़ाओं को भेजा, परंतु तुमने उनको भी नजर अंदाज कर दिया। उसने स्वीकार किया कि मैंने माया के मोह में इन चेतावनी भरे संदेशों पर गौर ही नही किया। मैं सदा यही सोचता रहा कि कल से भगवान का भजन करूंगा, अपनी कमाई अच्छे शुभ कार्यों में लगाऊंगा, पर वह कल ही नहीं आया। काल ने कहा, तुम्हारे ये सारी धन-संपत्ति , जमीन-जायदाद, सब यहीं छूट जाएगा। मेरे साथ तुम भी उसी प्रकार निर्वस्त्र जाओगे जैसे कोई भिखारी की आत्मा जाती है। क्योंकि ये सब साथ नहीं जा सकेगा।

तीखी नजर

## मैया मौरी रिश्वत न मिल पायौ



सुधाकर आशावादी

सबको रिश्वत का ऑफर और हमारे लिए फूटी कौड़ी भी नही, निरौ अनादर है ये। ऐसे में हम भी खाएंगे नही तो औरों को भी खाने नही देंगे, जैसा भाव मन में आना स्वाभाविक होता ही है। कोई भी होगा तो अपना आक्रोश व्यक्त करेगा ही। सो गुस्सा तो छलकना ही था। हुआ भी वही। शहर में हंगामा हो गया। किसी ने किसी को रिश्वत देने का ऑफर क्या दे दिया, लोगों को यह बात कतई हजम नहीं हुई। वे अपने पायजामों से निकलकर उछलने लगे। किसी ने अपने कुछ महारथियों को साथ बिठाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस तक कर डाली, कुछ उनके सुर में सुर मिलाने लगे। कहने लगे, यह बात उन्हें कतई मंजूर नहीं है कि कोई किसी और को रिश्वत का ऑफर दे और हम उस ऑफर से अछूते रह जाएं।

रिश्वत का ऑफर देने से ही काम नहीं चलता, कहानी तो रिश्वत देने से पूरी होती है। सच भी है कि रिश्वत लेना और देना जब व्यवस्था का हिस्सा हो, तो रिश्वत के हमाम में किसी को पूरे कपड़े पहनकर उतरने का अधिकार नहीं होना चाहिए। रिश्वत पर किसी एक का एकाधिकार ही क्यों हो? यह तो मिल बांटकर खाने हेतु आकर्षक परियोजना होती है, जिसका नियमित कार्य और नियमित आय से कोई सरोकार नहीं होता। कोई किसी को आकर्षक रिश्वत का ऑफर दे और किसी को उस ऑफर की भनक तक न लगे, तो आक्रोश होना स्वाभाविक होता ही है। इसमें बुरा नहीं मानना चाहिए। वैसे भी जो किसी प्रतिष्ठित व प्रभावी पद पर होता है, रिश्वत का ऑफर तो उसे ही मिलता है, जो प्रभावी पद पर न बैठा हो, उसे रिश्वत का ऑफर दिए जाने का कोई औचित्य भी नहीं होता, मगर दर्द उन्हें ही सर्वाधिक होता है, जिन्हें न रिश्वत मिल पाती है और न ही रिश्वत का ऑफर। कुढ़न उन्हें ही होती है।

वैसे एक समय था कि जब रिश्वत को राष्ट्रविरोधी और समाज विरोधी कृत्य माना जाता था। मात्र दस रुपए की रिश्वत भी बड़ा अपराध मानी जाती थी। गिरफ्तारी व जेल हुआ करती थी, बरसों तक मुकदमा चला करता था और अपराध की सजा भी मिलती थी। समाज में बड़ी बदनामी हुआ करती थी। अब समय के साथ सब कुछ बदल चुका है। अपना कार्य सिद्ध करने के लिए किसी को चाय पानी के लिए पैसा देना रिश्वत की श्रेणी में नहीं आता। सियासत में अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए अनेक सुख सुविधाओं के ऑफर देना, खटाखट गारंटियां देना किसी भी प्रकार से रिश्वत का ऑफर नहीं है। वह शुचितापूर्ण व्यवहार है। जिस पर अंगुली नहीं उठाई जा सकती और गिरफ्तारी की मांग तो कतई नहीं की जा सकती। यानि अपने आप रिश्वत का ऑफर दो तो रासलीला और कोई दूसरा वैसा ऑफर दे, तो उसका कैरेक्टर ढीला। खैर जो भी हो, अब रिश्वत के ऑफर की परिभाषाएं भी मनमानी हो गई हैं। कोई किस कृत्य को रिश्वत का ऑफर माने और किस कृत्य को रिश्वत के आरोप से बरी करे, यह उस व्यक्ति का व्यक्तिगत अधिकार है, जो स्वयं भी ऐसे ही आरोपों से बाइज्जत बरी न हुआ हो।

नजरिया

# जीवनदायिनी दवाओं का असर होता बेअसर



राजेंद्र प्रसाद शर्मा

यह बेहद चिंतनीय है कि आज जीवनदायिनी दवाएं तेजी से बेअसर होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौरतरीके से अनविज्ञ होना या फिर जानबूझकर लावपरवाही बरतने के साथ ही खान पान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेहसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है।

**दवाओं के बेअसर होने के खतरे को टालने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। आवश्यकता नहीं होने पर एंटीबायोटिक का प्रयोग नहीं करने, दवा विक्रेताओं द्वारा मौखिक रूप से मांगने पर दवा नहीं देने, आम नागरिकों को सजग और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना होगा।**

दरअसल कोरोना के बाद जहां एक ओर आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है, तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रहीं हैं। यह तो तब है, जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पंहुचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टिरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। भारत सरकार बार-बार यह एडवाइजरी जारी करती जा रही है कि एंटीबायोटिक दवाएं अत्यधिक आवश्यकता में ही लिखी जाएं और एंटीबायोटिक दवाएं लिखते समय मरीज को कारण और उपयोग के तरीके से अवश्य बताया जाए। इसी से हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। जहां तक योरोपीय देशों की बात है वहां सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर होता है।

दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल, कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरियता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर, जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिषत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रैन, हार्ट आदि प्रभावित होने लगे हैं। इन गंभीर बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने लगा है।



दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. एमसी मिश्रा का कहना है कि एंटीबायोटिक दवाओं को धड़ल्ले से बिना डॉक्टर की प्रेसक्रेप्सन के भी सहज उपलब्धता एक प्रमुख कारण है। एएमआर के लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। इसके लिए चिकित्सक, केमिस्ट, आमआदमी और सरकार सभी कमोबेश जिम्मेदार हैं। योरोपीय देशों व अमेरिका में बिना डॉक्टर के प्रेसक्रेप्सन के केमिस्ट या अन्य स्थान से दवा उपलब्ध ही नहीं हो सकती। हमारे यहां हालात विपरीत हैं। मेडिकल स्टोर से कोई दवा ले सकता है। ऐसे में दवाओं के बेअसर होने के खतरे को टालने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। डॉक्टर, दवा विक्रेता, आमनागरिकों और सरकार को समन्वित प्रयास करने होंगे। आवश्यकता नहीं होने पर एंटीबायोटिक का प्रयोग नहीं करने, दवा विक्रेताओं द्वारा मौखिक रूप से मांगने पर दवा नहीं देने, आमनागरिकों को सजग और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना होगा। इसके साथ ही सरकार को भी थोड़ी सख्ती करनी ही होगी, ताकि सेहत के लिए जरूरी दवाएं अपना असर खोने से बच सकें। नहीं तो हालात जिस तरह के आएंगे, उसकी कल्पना ही नहीं की जा सकती है। केवल कहने से कि एंटीबायोटिक बेअसर होती जा रही है, उससे कोई सकारात्मक समाधान नहीं हो सकेगा। अधिकांश लोग इन हालात से अनजान हैं ऐसे में सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं को जागरूकता अभियान चलाना होगा और इस पूरे चक्र को लाइन पर लाने के लिए डॉक्टरों, दवा विक्रेताओं, सरकार और आमनागरिकों को समन्वित प्रयास करने होंगे। नहीं तो आने वाले समय में एएमआर गंभीर हालातों की और इशारा करने लगी है और कहीं ऐसा नहीं हो कि हालात हमारे हाथ से निकल जाएं।

# बुमराह-सिराज ने कराई मैच में वापसी

## बुमराह ने चार और सिराज ने झटके दो विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 67 रन पर गवाएं सात विकेट




**जॉश हेजलवुड ने झटके चार विकेट, भारत की पहली पारी को 150 रन पर समेटा**

**भारत की ओर से सबसे ज्यादा 41 रन पदार्पण खिलाड़ी नीतीश रेड्डी ने बनाए**

● पर्थ,

**जसप्रीत** बुमराह (चार विकेट), मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और हर्षित राणा (एक विकेट) की शानदार गेंदबाजी ने भारत को पहले टेस्ट मैच में वापसी करा दी। इन तीनों गेंदबाजों ने दिन का खेल समाप्त होने के तक ऑस्ट्रेलिया के 67 रन सात विकेट गिरा दिये है और वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 83 रन पीछे है।

मैच के तीसरे सत्र में चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बुमराह ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के तीन शीर्ष बल्लेबाजों को 19 के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। नेथन मैकस्वीनी (10), उस्मान ख्वाजा (08) और स्टीव स्मिथ (00) बुमराह का शिकार बने। मार्नस लाबुशेन (02) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। लाबुशेन ने टेस्ट इतिहास की सबसे धीमी पारी खेलते हुए 52 गेंदों में मात्र दो रन बनाये। ट्रैविस हेड (11) को हर्षित राणा ने बोल्ड आउट किया। मिचेल मार्श (06) और पैट कमिंस (03) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कप्तान पैट कमिंस को पंत के हाथों कैच आउट करा कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 27 ओवर में सात विकेट पर 67 रन बना लिये है और एलेक्स कैरी (नाबाद 19) और मिचेल



स्टार्क (नाबाद 06) क्रीज पर मौजद है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह (चार विकेट), मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और हर्षित राणा (एक विकेट) लिया। इससे पहले जॉश हेजलवुड (चार विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पारी को 150 के स्कोर पर समेट दिया था। आज यहां ऑप्टस स्टेडियम में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (00) का विकेट गवां दिया। जायसवाल को मिचेल स्टार्क ने नेथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पडिक्कल, के एल राहुल के साथ संघर्ष करते दिखे। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने देवदत्त पडिक्कल (00) को पेवलियन भेज दिया। पडिक्कल ने 24 गेंदे खेली और वे अपना खाता भी नहीं खोल सके। विराट कोहली (05) भी जॉश हेजलवुड का शिकार बने। भोजनकाल से पहले 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने के एल राहुल (26) को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त होने के समय भारत ने 25 ओवर में 51 रन पर अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट गवां कर संकट में थी। भोजनकाल के बाद ॠषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभल कर खेलते हुए स्कोर में अभी 12 रन जोड़े थे कि मिचेल मार्श ने ध्रुव जुरेल (10) को मार्सन लाबुशन के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद 32वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर (04) को भी मिचेल मार्श ने अपना शिकार बना लिया। एक समय भारत ने 73 रन पर अपने छह विकेट गवां दिये थे। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये नीतीश कुमार रेड्डी ने ॠषभ पंत के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मैकस्वीनी बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| केएल राहुल का कैरी बो स्टार्क | 26 | 74 | 3 | 0 |
| पडिक्कल का कैरी बो हेजलवुड | 00 | 23 | 0 | 0 |
| कोहली का ख्वाजा बो हेजलवुड | 05 | 12 | 0 | 0 |
| पंत का स्मिथ बोल्ड कमिंस | 37 | 78 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल का मार्नस बो एम मार्श | 11 | 20 | 2 | 0 |
| सुंदर का कैरी बो एम मार्श | 04 | 15 | 0 | 0 |
| नीतीश का ख्वाजा बो कमिंस | 41 | 59 | 6 | 1 |
| हर्षित का मार्नस बो हेजलवुड | 07 | 5 | 1 | 0 |
| बुमराह का कैरी बो हेजलवुड | 08 | 8 | 0 | 1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल : 49.4 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-5, 2-14, 3-32, 4-47, 5-59, 6-73, 7-121, 8-128, 9-144, 10-150

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 11 | 3 | 14 | 2 |
| जॉश हेजलवुड | 13 | 5 | 29 | 4 |
| पैट कमिंस | 15.4 | 2 | 67 | 2 |
| नेथन लायन | 5 | 1 | 23 | 0 |
| मिचेल मार्श | 5 | 1 | 12 | 2 |

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ख्वाजा का कोहली बो बुमराह | 08 | 19 | 1 | 0 |
| मैकस्वीनी पगबाधा बो बुमराह | 10 | 13 | 2 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन पगबाधा बो सिराज | 02 | 52 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो बुमराह | 00 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड बोल्ड हर्षित | 11 | 13 | 2 | 1 |
| मिचेल मार्श का राहुल बो सिराज | 06 | 19 | 1 | 0 |
| एलेक्स कैरी नाबाद | 19 | 28 | 3 | 0 |
| पैट कमिंस कैच पंत बो बुमराह | 03 | 5 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 | 14 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 02 रन

कुल : 27 ओवर में सात विकेट पर 67 रन

विकेट पतन: 1-14, 2-19, 3-19, 4-31, 5-38, 6-47, 7-59

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 3 | 17 | 4 |
| मोहम्मद सिराज | 9 | 6 | 17 | 2 |
| हर्षित राणा | 8 | 1 | 33 | 1 |

## केएल राहुल को गलत आउट दिया गया: मांजरेकर

**पर्थ, वार्ता :** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है मैच में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को डीआरएस के जरिए गलत आउट दिया गया। टेस्ट मैच के पहले दिन भोजनकाल से पहले केएल राहुल जब 26 के निजी स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब मैदानी अंपायर रिचर्ड कैटलब्रॉ ने उन्हें मिचेल स्टार्क की गेंद पर कॉट बिहाइंड की अपील पर नॉट आउट करार दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया और रिप्ले में जब गेंद बल्ले के करीब से गुजर रही थी तब स्निको में स्पाइक दिखाई दिया था, लेकिन उसी समय राहुल का बल्ला भी पैड से टकराया था। थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने कैटलब्रॉ से अपना निर्णय पलटने के लिए कह दिया। इस निर्णय पर राहुल अपनी असहमति जताते हुए पवेलियन की ओर लौट गए और भारत के 47 के स्कोर पर चार विकेट हो गये थे। मांजरेकर ने कहा कि सबसे पहले तो मैं टीवी अंपायर को उपलब्ध कराई गई सुविधा से निराश हूं। उन्हें और सबूत मुहैया कराए जाने चाहिए थे। केवल कुछ एंगल के आधार पर मुझे नहीं लगता कि इतना महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाना चाहिए था। मेरा प्वाइंट यह है कि नेकेड आई से केवल यही चीज नज़र आ रही थी कि बल्ले का पैड से संपर्क हुआ था। इसके अलावा आपको किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए स्निको की जरूरत थी।

## 72 साल बाद पहले दिन गिरे 17 विकेट

**पर्थ, वार्ता :** भारत और ऑस्ट्रलिया के बीच जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के ओपनिंग मैच के पहले ही दिन रोमांच फैंस के सिर्फ चढ़कर बोला। गेंदबाजों ने कुछ इस कदर कहर बरपाया कि ऑस्ट्रलियाई धरती पर कुछ ऐसा देखने को मिले, जो 1952 के बाद से नहीं हुआ था। दिन के खेल की बात करें तो भारतीय टीम पहले बैटिंग करते हुए सिर्फ 150 रन पर ही सिमट गई। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने बुमराह की अगुवाई में कमाल की बॉलिंग दिखाते हुए स्टंप्स तक ऑस्ट्रलिया के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त करते हुए सात विकेट सिर्फ 67 रन पर ही गिरा दिए। पर्थ टेस्ट मैच के पहले दिन कुल 17 विकेट गिरे। इसमें जॉश हेजलवुड और जसप्रीत बुमराह ने चार-चार विकेट चटकाए। वहीं, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, मिचेल मार्श और मोहम्मद सिराज को 2-2 विकेट मिले। इस मुकाबले से अपने टेस्ट डेब्यू कर रहे हर्षित राणा को पहले दिन एक सफलता मिली। यह 1952 के बाद से पहली बार हुआ है, जब ऑस्ट्रेलियाई धरती पर किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 17 विकेट गिरे हैं। 17 विकेट गिरने का यह रिकॉर्ड 72 सालों में पहली बार था, जब ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट के पहले दिन इतने विकेट गिरे हों।

## सार संक्षेप

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम एशिया कप 2024 के लिए रवाना

**बेंगलुरु :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को मस्कट के लिये रवाना हुई। टूर्नामेंट में इस बार 10 टीमें भाग ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है। जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 28 नवंबर को जापान से, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ तथा दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक दिसंबर को आखिरी ग्रुप मुकाबला खेला है। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने कहा कि मैं पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए बेहद उत्साहित हूं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी इस टूर्नामेंट के महत्व और बड़े मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के अवसर को समझते हैं। हमारा ध्यान पहले मैच से ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने और फाइनल में जगह बनाने के लिए एक मजबूत स्थिति हासिल करने पर है।

### मोदी ने गुयाना में वेस्टइंडीज के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत की

**जॉर्जटाउन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुयाना में वेस्टइंडीज टीम के क्रिकेट खिलाड़ियों मुलाकात कर दोनों देशों के बीच क्रिकेट के जरिए जुड़ाव को लेकर बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेस्टइंडीज के क्रिकेट खिलाड़ी क्लाइव लॉयड, एल्विन कालीचरण, शिवनारायण चंद्रपॉल, देवेन्द्र बिशू, स्टीवन जैकब्स और डॉ. रंजीसिघी रामरूप के साथ बातचीत में कहा कि क्रिकेट ने भारत और गुयाना के बीच आत्मीयता स्थापित करते हुए सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाया है। मोदी ने साशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि क्रिकेट के माध्यम से जुड़ाव। गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ एक सुखद वार्तालाप। इस खेल ने हमारे देशों के बीच आत्मीयता बनाई है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को और परिपुष्ट किया है। उन्होंने एक्स पर इस मुकालत और बातचीत की फोटो भी साझा की। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सहित कुछ खिलाड़ी क्रिकेट का बल्ला हाथों में लिए हुए है और बातचीत करते हुए दिख रहे है।

### पहली बार अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचे तेलुगू टाइटंस

**नोएडा :** तेलुगू टाइटंस ने शानदार खेल दिखाते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 67वें मैच में बंगाल वारियर्स को 31-29 से हराते हुए पहली बार अंक तालिका के शीर्ष पर कब्जा जमा लिया है। टाइटंस ने बीते छह मैचो में पांच और कुल आठवीं जीत के साथ यह मुकाम हासिल किया है। टाइटंस को इस मुकाम तक पहुंचाने में विजय मलिक (14) का अहम योगदान है। उनके अलावा डिफेंस से शंकर गदई (3) और अंकित (3) ने सराहनीय खेल दिखाया।

## आईपीएल 2025 का सत्र 14 मार्च से होगा शुरू

● मुंबई,

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जायेगा।

फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है। घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से दस कम है। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का जिक्र था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों




अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा अधिकतर पूर्ण सदस्य देश इंग्लैंड, श्रीलंका बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोर्डो ने अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति दे दी है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है, जिनके खिलाड़ियों को 2011 के बाद से ही आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला है।

## आर्चर मेगा ऑक्शन के लिए शामिल

● मुंबई,

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आईपीएल की नीलामी सूची में फिर से शामिल कर लिया है। कुछ दिन पहले आईपीएल के मेगा ऑक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किए 574 खिलाड़ियों की लिस्ट में उनका नाम शामिल नहीं था।

क्रिकइंफो के मुताबिक, शुक्रवार को जोफ्रा आर्चरी को आईपीएल ऑक्शन के लिए शामिल किए जाने की जानकारी टीमों को भेज दी गई है। हालांकि, इसके बारे में आईपीएल की ओर से अब तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सउदी अरब के जेद्दा में आयोजित की जाएगा। 15 नवंबर को आईपीएल टीमों को शॉटलिस्ट किए गए 574 खिलाड़ियों की भेजी गई लिस्ट में जोफ्रा आर्चर, उनके साथी खिलाड़ी मार्क वुड और ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन का नाम नहीं था। उनका नाम लिस्ट में नहीं होने से काफी सवाल भी उठ रहे थे, क्योंकि तीनों ही खिलाड़ी 2-2 करोड़ की



बेस प्राइस पर रजिस्ट्रेशन कराया था। एसीबी ने बीसीसीआई से बातचीत के बाद आर्चर को एनओसी दी जोफ्रा आर्चर का नाम जब शॉर्टलिस्ट प्लेयर्स में शामिल नहीं था तो ऐसी खबरें सामने आईं थी कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल होने वाली भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज और अन्य अहम टूर्नामेंट के ध्यान में रखते हुए उनका नाम वापस ले लिया था। क्रिकइंफो के मुताबिक ईसीबी और बीसीसीआई के बीच हुई बातचीत के बाद उन्हें एनओसी दे दी है। आर्चर ईसीबी के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में शामिल हैं। उनका अनुबंध अगले साल के सितंबर तक है। ऐसे में उन्हें लीग खेलने के

**पहले शॉर्टलिस्ट हुए 574 खिलाड़ियों की लिस्ट में नाम नहीं था, ऑक्शन 24-25 नवंबर को**

लिए ईसीबी का एनओसी लेना जरूरी है। पिछले साल ईसीबी ने आर्चर को आईपीएल नीलामी में शामिल होने से रोक दिया था ताकि वे चोट से जल्दबाजी में वापसी न करें। हालांकि इस साल अगर उन्हें रोका जाता, तो वे 2027 तक आईपीएल में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। आईपीएल ने इस साल नीलामी नियमों में बदलाव किए है। नए नियम के तहत ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने पहले लीग में हिस्सा लिया है, लेकिन मेगा-नीलामी के लिए रजिस्टर नहीं किया, उन्हें अगले मिनी-नीलामी के लिए रजिस्टर करने की अनुमति नहीं होगी। वहीं कोई खिलाड़ी नीलामी में खरीदा जाता है और बिना उचित कारण अपना नाम वापस लेता है, तो उसे दो साल के लिए बैन कर दिया जाएगा।

# सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

## लक्ष्य सेन को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 53 मिनट तक चले मैच में 21-18, 21-15 से हराया

● शेन्जेन,

**शुक्रवार** को चाइना मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय युगल जोड़ी ने किम एस्टुप और एंडर्स स्कारुप की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने डेनमार्क की जोड़ी के खिलाफ 47 मिनट तक चले मैच में 21-16, 21-19 से जीत हासिल की।

प्रतियोगिता के पुरुष एकल इवेंट में लक्ष्य सेन को डेनमार्क के विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन से 53 मिनट तक चले मैच में 18-21, 15-21 से हार मिली। बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 9वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने पहले गेम से ही आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और 6-2 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद सात्विक और चिराग लगातार गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करने लगे। डेनमार्क की जोड़ी ने पहले गेम में वापसी करने की कोशिश की लेकिन भारतीय शटलरों ने अपनी




लय जारी रखते हुए पहले गेम को आसानी से 21-16 से अपने नाम कर लिया। मैच का दूसरा गेम भी भारतीय जोड़ी के नाम रहा। विश्व की तीसरे नंबर की डेनमार्क की टीम ने 3-3 की बराबरी से गेम को आगे बढ़ाया लेकिन इसके बाद एक बार फिर भारतीय जोड़ी ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी बढ़त में इजाफा किया। हालांकि, डेनिश शटलरों ने एक फिर खेल में वापसी की और मैच को 18-18 की बराबरी पर ला दिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसके बाद संयम और चतुरता दिखाते हुए करीबी गेम को 21-19 से अपने नाम करते हुए मैच में जीत हासिल की। पुरुष एकल मैच में लक्ष्य सेन को एंडर्स एंटोनसेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में करीबी हार के बाद भारतीय शटलर को वापसी करने का कोई मौका नहीं मिला। सेन ने पहले गेम में 18-21 से हार मिलने के बाद दूसरे गेम में वापसी करने की कोशिश की। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 6-6 की बराबरी के साथ अपनी वापसी के संकेत दिए। लेकिन इसके बाद तीसरे नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी ने बढ़त बनाते हुए लक्ष्य सेन को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया और दो गेम जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)